वर्ष-3, अंक-51
इन्दौर शुक्रवार 16 मई 2025 पृष्ठ 8, मूल्य 2 रु.


दैनिक
# राष्ट्रीय जनभावना

RNI-MPHIN/2013/53761, DAVP 133088/20/02/2020

प्रधान संपादकः सुनील वर्मा मो.: 9425491979, E-mail: janbhavna.ind@gmail.com

**सुविचार**

भोजन के लिए अच्छे पदार्थों का उपलब्ध होना, उन्हें पचाने की शक्ति का होना, सुंदर स्त्री के साथ संसर्ग के लिए कामशक्ति का होना, प्रचुर धन के साथ-साथ धन देने की इच्छा होना। ये सभी सुख मनुष्य को बहुत कठिनता से प्राप्त होते हैं।



चाणक्य



सुप्रीम कोर्ट बोला- मंत्री से जिम्मेदारी की उम्मीद की जाती है

## अब पुलिस जांच हमारी निगरानी में होगी, कर्नल सोफिया पर आपत्तिजनक बयान दिया था

**जबलपुर/नई दिल्ली (एजेंसी)।** मध्य प्रदेश के मंत्री विजय शाह ने इंदौर में एक प्रोग्राम के दौरान कर्नल सोफिया पर बयान दिया था। कर्नल सोफिया ऑपिरशन सिंदूर पर प्रेस ब्रीफिंग करने वाली टीम का हिस्सा हैं। मध्य प्रदेश के मंत्री विजय शाह ने इंदौर में एक प्रोग्राम के दौरान कर्नल सोफिया पर बयान दिया था। कर्नल सोफिया ऑपिरशन सिंदूर पर प्रेस ब्रीफिंग करने वाली टीम का हिस्सा हैं। कर्नल सोफिया कुरैशी पर मध्य प्रदेश के मंत्री के विवादित बयान पर दर्ज स्न्ढ्ढक्र की भाषा पर हाईकोर्ट ने नाराजगी जताई है। हाईकोर्ट की डबल बेंच ने गुरुवार को मंत्री विजय शाह के खिलाफ स्न्ढ्ढक्र को सिर्फ खाना पूर्ति बताया है। हाईकोर्ट ने कहा कि अब इस पुलिस जांच की निगरानी कोर्ट करेगी। जांच किसी दबाव में प्रभावित ना हो इसलिए ऐसा करना जरूरी है। सुप्रीम कोर्ट बोला- मंत्री से जिम्मेदारी की उम्मीद की जाती है। इस बीच, सुप्रीम कोर्ट ने मंत्री विजय शाह की याचिका पर सुनवाई से इनकार कर दिया। सुप्रीम कोर्ट ने पूछा कि आप हाईकोर्ट क्यों नहीं गए। आप किस तरह के बयान दे रहे हैं? देखना चाहिए कि कैसे हालात हैं? आप जिम्मेदार पद पर हैं, जिम्मेदारी निभानी चाहिए।

### हाईकोर्ट की टिप्पणी और राज्य सरकार की दलील

मध्य प्रदेश सरकार- महाधिवक्ता प्रशांत सिंह ने कोर्ट को बताया कि कोर्ट के आदेश पर बुधवार शाम 7-55 बजे इंदौर के मानपुर थाने में विजय शाह के खिलाफ FIR दर्ज कर दी गई। जांच पुलिस कर रही है। हाईकोर्ट- जस्टिस अतुल श्रीधरन ने कहा कि यह किसी हत्या की जांच नहीं है, बल्कि एक आपत्तिजनक भाषण से जुड़ा मामला है। ऐसे में इसमें लंबी जांच की आवश्यकता नहीं है। मंत्री विजय शाह ने कर्नल सोफिया कुरैशी पर विवादित बयान दिया था। उन्हें आतंकियों की बहन बताया था। मध्य प्रदेश हाईकोर्ट ने बुधवार को खुद यह केस उठाया। जबलपुर हाईकोर्ट के जस्टिस अतुल श्रीधरन और जस्टिस अनुराधा शुक्ला की बेंच ने डीजीपी को मंत्री शाह पर एफआईआर के निर्देश दिए थे। हाईकोर्ट ने कहा था कि मंत्री के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 152 के तहत अपराध बनता है, जो भारत की संप्रभुता, एकता और अखंडता को खतरे में डालने वाले कृत्यों को अपराध घोषित करता है। ड्ढहृस् की धारा 192 के तहत भी प्रथम दृष्टया अपराध बनता है, जो धर्म, जाति, जन्म स्थान, निवास, भाषा या जाति के आधार पर विभिन्न समुदायों के बीच वैमनस्य फैलाने से संबंधित है।

## एम.पी. में 18 मई तक आंधी-बारिश का अलर्ट

इंदौर-उज्जैन सहित 27 जिलों में आज बदला रहेगा मौसम; 20 के बाद गर्मी बढ़ेगी

**भोपाल।** मध्यप्रदेश में अगले 4 दिन यानी, 18 मई तक आंधी-बारिश का अलर्ट है। इंदौर, उज्जैन समेत प्रदेश के 27 जिलों में गुरुवार को तेज आंधी चल सकती है। वहीं, बारिश होने के भी आसार है। मौसम विभाग के अनुसार, 20 मई के बाद गर्मी बढ़ेगी।



हालांकि, मई के आखिरी सप्ताह में फिर से मौसम बदलने की संभावना है। गुरुवार को जिन जिलों में आंधी और बारिश का अलर्ट है, उनमें इंदौर, उज्जैन, रतलाम, झाबुआ, अलीराजपुर, धार, बड़वानी, खरगोन, देवास, खंडवा, बुरहानपुर, हरदा, नर्मदापुरम, बैतूल, छिंदवाड़ा, पांढुर्णा, सिवनी, मंडला, बालाघाट, मुरैना, भिंड, पन्ना, सतना, रीवा, मऊगंज, मैहर, उमरिया जिले शामिल हैं। इससे पहले बुधवार को प्रदेश में मौसम के दो रंग देखने को मिले। भोपाल, नर्मदापुरम, उज्जैन, रायसेन, मंदसौर और नीमच में बारिश हुई। वहीं, सीहोर, बड़वानी, रतलाम, खरगोन, बैतूल, छिंदवाड़ा, सिवनी, उमरिया, बालाघाट, डिंडौरी और अनूपपुर में आंधी का दौर रहा।

दूसरी ओर, छतरपुर जिले के दो शहर- खजुराहो और नौगांव सबसे गर्म रहे। खजुराहो में सबसे ज्यादा 43.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। नौगांव में 42.5 डिग्री, टीकमगढ़ में 42 डिग्री, सतना में 41.8 डिग्री, रीवा में 41.5 डिग्री, गुना में 41 डिग्री, सीधी में 40.8 डिग्री, दमोह में 40.6 डिग्री, मंडला में 40.5 डिग्री सेल्सियस रहा। बड़े शहरों की बात करें तो भोपाल में 37.8 डिग्री, इंदौर में 36.8 डिग्री, ग्वालियर में 41.8 डिग्री, उज्जैन में 37.7 डिग्री और जबलपुर में पारा 39.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। इकलौते हिल स्टेशन पचमढ़ी में सबसे कम 32.6 डिग्री रहा। सीनियर मौसम वैज्ञानिक डॉ. दिव्या ई. सुरेंद्रन ने बताया, गुजरात के ऊपर एक साइक्लोनिक सर्कुलेशन सिस्टम एक्टिव है।

### मध्य सिंगापुर में आवासीय इमारत में लगी आग

**सिंगापुर।** सिंगापुर के मध्यवर्ती इलाके में बुधवार रात एक आवासीय इमारत में आग लगने के बाद अफरा तफरी मच गयी और सिंगापुर सिविल डिफेंस फोर्स (एससीडीएफत्र के लोगों ने इमारत में फंसे करीब 30 लोगों को कड़ी मशक्कत के बाद बाहर निकाला ,जिसमें से दो लोगों को हालत अधिक खराब होने के कारण अस्पताल में भर्ती कराया गया।

### लाओस में जहरीला मशरूम खाने से छह लोगों की मौत

**वियनतियाने ।** लाओस के उत्तरी प्रांत सायाबुरी में जहरीले जंगली मशरूम खाने से छह लोगों की मौत के बाद स्वास्थ्य अधिकारियों ने चेतावनी जारी की है और जनता से सतर्क रहने तथा सावधानी बरतने की अपील की है।

प्रांतीय स्वास्थ्य कार्यालय की मंगलवार को जारी चेतावनी के अनुसार, जनवरी 2025 से अब तक जहरीले मशरूम खाने से छह लोगों की मौत हो चुकी है और दो अन्य बीमार हुए हैं।

## चलती एसी बस में आग, 5 जिंदा जले

पिता के सामने बेटा-बेटी की मौत, इमरजेंसी गेट नहीं खुला

**लखनऊ (एजेंसी)।**

लखनऊ में गुरुवार सुबह चलती एसी बस में आग लग गई। हादसे में 5 यात्रियों की जलकर मौत हो गई। मृतकों में मां-बेटी, भाई-बहन और एक युवक है। बस में करीब 80 यात्री थे। स्लीपर बस बिहार के बेगूसराय से दिल्ली जा रही थी। हादसा सुबह 4.40 बजे आउटर रिंग रोड (किसान पथ) पर मोहनलालगंज के पास हुआ। उस वक्त ज्यादातर यात्री सो रहे थे। यात्रियों ने बताया कि बस में अचानक धुआं भरने लगा। लोगों को कुछ समझ नहीं आया। कुछ ही मिनटों में आग की तेज लपटें उठने लगीं। बस के अंदर भगदड़ मच गई। ड्राइवर और कंडक्टर बस छोड़कर भाग गए। ड्राइवर की सीट के पास एक एक्स्ट्रा सीट लगी थी। ऐसे में यात्रियों को नीचे उतरने में दिक्कत हुई। कई यात्री फंसकर गिर गए। आसपास के लोगों ने पुलिस और फायर ब्रिगेड को सूचना दी। जब तक दमकल की गाड़ियां पहुंचीं, तब तक पूरी बस जल चुकी थी। दमकल ने करीब 30 मिनट में आग बुझाई। टीम अंदर पहुंची, तो जले हुए 5 शव मिले। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, शव इतनी बुरी तरह जल गए थे कि पहचान पाना मुश्किल था। दो बच्चों के शव सीट पर थे, जबकि दो महिलाओं और युवक का शव सीट के बीच में पड़ा था। लॉकेट और कड़ों से बच्चों की पहचान हुई। पुलिस की शुरुआती जांच में सामने आया कि शॉर्ट सर्किट से चलती बस में आग लगी। इमरजेंसी गेट नहीं खुला। इस वजह से पीछे बैठे लोग फंस गए। बस में पांच-पांच किलो के सात गैस सिलेंडर थे। हालांकि, कोई सिलेंडर फटा नहीं।



मणिपुर के चंदेल में असम राइफल्स के साथ

## गोलीबारी में 10 उग्रवादी मारे गए



### भारत-म्यांमार सीमा से जुड़ा है क्षेत्र

**इम्फाल (एजेंसी)।** मणिपुर के चंदेल जिले में असम राइफल्स के साथ भीषण मुठभेड़ में कम से कम 10 उग्रवादी मारे गए। रिपोर्ट के अनुसार, ऑपरेशन अभी भी जारी है और घटनास्थल से हथियारों और गोला-बारूद का एक बड़ा जखीरा बरामद किया गया है। भारतीय सेना ने कहा कि भारत-म्यांमार सीमा के करीब चंदेल जिले के न्यू समतल गांव के पास सशस्त्र कैडरों की आवाजाही के बारे में विशेष खुफिया जानकारी पर कार्रवाई करते हुए, स्पीयर कोर के तहत असम राइफल्स की एक इकाई ने बुधवार को अभियान शुरू किया, जो अभी भी जारी है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि मुठभेड़ अब भी जारी है। सेना की पूर्वी कमान ने बुधवार को सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट में कहा, ''भारत-म्यांमा सीमा के पास चंदेल जिले की खेंगजॉय तहसील में न्यू समताल गांव के समीप कुछ हथियारबंद लोगों की गतिविधि के संबंध में खुफिया जानकारी मिली, जिसके आधार पर स्पीयर कोर के तहत असम राइफल्स ने 14 मई को अभियान शुरू किया।''

### सड़क हादसे में छह मरे, तीन घायल

**हरदोई (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश में हरदोई जिले के संडीला क्षेत्र में गुरुवार सुबह ट्रक की चपेट में आकर आटो रिक्शा सवार छह लोगों की मृत्यु हो गयी जबकि तीन अन्य गंभीर रुप से घायल हो गये। पुलिस सूत्रों ने बताया कि कासिमपुर के ग्राम औरामऊ के रहने वाले रंजीत सीएनजी आटो चलाते थे। गुरुवार की सुबह रंजीत कासिमपुर से सवारियां लेकर संडीला जा रहे थे। ऑटो में 10 सवारियां थीं। रास्ते में संडीला-बांगरमऊ मार्ग पर हरदलमऊ गांव के पास सामने से आ तेज़ रफ़्तार ट्रक से भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी तेज थी कि आटो के कई बार पलटने के बाद उसके परखच्चे उड़ गए।

ट्रम्प भारत-PAK के बीच मध्यस्थता वाले बयान से पलटे : कहा-

## मैंने सीजफायर नहीं कराया, सिर्फ मदद की

10 मई को संघर्ष रुकवाने का दावा किया था

**दोहा।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प गुरुवार को 5 दिन बाद भारत-पाकिस्तान के बीच सीजफायर कराने के बयान से पलट गए हैं। उन्होंने कहा कि मैंने दोनों देशों के बीच मध्यस्थता नहीं कराई, लेकिन मैंने मदद की है।



ट्रम्प ने कहा, मैं ये नहीं कहता कि ये मैंने किया, लेकिन ये पक्का है कि पिछले हफ्ते भारत-पाकिस्तान के बीच जो हुआ, मैंने उसे सैटल करने में मदद की। भारत-पाकिस्तान के बीच और भी भयावह हो सकता था। दोनों देशों ने अचानक मिसाइल दागना शुरू कर दिया और हमने सब सैटल कर दिया। ट्रम्प ने 10 मई को दोनों देशों के बीच मध्यस्थता का ऐलान किया था। कहा था, मुझे यह ऐलान करते हुए खुशी हो रही है कि अमेरिका की मध्यस्थता में एक लंबी बातचीत के बाद भारत और पाकिस्तान पूर्ण और तत्काल युद्धविराम पर सहमत हो गए हैं। दोनों देशों को समझदारी दिखाने के लिए बधाई।

### मैक्सिको में सड़क हादसे में 21 की मौत

**मेक्सिको सिटी, (एजेंसी)।** मेक्सिको के मध्य-पूर्वी राज्य पुएब्ला में राजमार्ग दुर्घटना में कम से कम 21 लोगों की मौत हो गयी।

स्थानीय अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। पुएब्ला के आंतरिक मंत्री सैमुअल एगुइलर ने सोशल प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि यह हादसा तीन वाहनों से जुड़ा हुआ है और इसके कारण कई अन्य लोगों को चोटें आई हैं, जिनका इलाज किया जा रहा है। दुर्घटना बुधवार सुबह कुआकनोपालन-ओकसाका राजमार्ग के किलोमीटर 31 पर हुई। घटनास्थल पर एम्बुलेंस और अन्य आपातकालीन सेवाएँ काम कर रही हैं। स्थानीय मीडिया ने बताया कि घातक टक्कर उस समय हुयी।

बलरामपुर में कार-ट्रक की टक्कर में

## एक परिवार के पांच लोगों की मौत

**बलरामपुर ।** उत्तर प्रदेश के बलरामपुर जिले में बलरामपुर-तुलसीपुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर एक कार और तेज रफ्तार ट्रक के बीच हुई भीषण टक्कर में एक ही परिवार के पांच सदस्यों की मौत हो गई और आठ अन्य घायल हो गए। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, परिवार बुधवार और बृहस्पतिवार की मध्य रात्रि में देहात थाना क्षेत्र के चकवा गांव के पास एक शादी समारोह में भाग लेकर लौट रहा था, तभी उनकी कार को तेज रफ्तार ट्रक ने टक्कर मार दी। अधिकारियों के अनुसार टक्कर इतनी जोरदार थी कि कार में सवार एक ही परिवार के पांच सदस्यों की मौके पर ही मौत हो गई। आठ अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए और उन्हें बलरामपुर के जिला मेमोरियल अस्पताल ले जाया गया।



### इंडोनेशिया में 18 संदिग्ध सशस्त्र अलगाववादी मारे गए

**जकार्ता।** इंडोनेशियाई सेना (टीएनआई) ने गुरुवार को कहा कि उसके गश्ती दल ने देश के मध्य पापुआ प्रांत के इंतान जया रीजेंसी में 18 संदिग्ध सशस्त्र अलगाववादियों को गोली ढेर कर दिया। टीएनआई के प्रवक्ता क्रिस्टोमी सियानतुरी ने एक बयान में कहा कि बुधवार सुबह स्थानीय समयानुसार सुबह चार से पांच बजे के बीच टिटिगी, नडुगुसिगा, जैनडापा, सुगापा लामा और ज़ानम्बा गाँवों में गोलीबारी हुई। श्री सियानतुरी के अनुसार गश्ती दल का उद्देश्य शुरू में उन गाँवों के निवासियों को स्वास्थ्य सेवा और शिक्षा सेवाएँ प्रदान करना था।

## अवंतीपोरा के नादेर में सुरक्षा बलों ने ढेर किए तीन आतंकी

**जम्मू (एजेंसी)।** पुलवामा जिले के त्राल क्षेत्र में गुरुवार सुबह सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच मुठभेड़ शुरू हो गई। अवंतीपोरा के नादेर, त्राल इलाके में हुई मुठभेड़ में तीन आतंकी ढेर हुए हैं।

सेना ने इलाके की घेराबंदी कर ली है। बताया जा रहा है कि जैश-ए-मोहम्मद के तीन आतंकी मार गिराए हैं। घाटी में आतंकियों और सेना में 48 घंटे के भीतर यह दूसरी मुठभेड़ है। दो दिन पहले शोपियां में सेना ने बड़े ऑपरेशन में लश्कर-ए-तैयबा के तीन आतंकियों ढेर किया था।

अधिकारी के मुताबिक, सर्च ऑपरेशन के दौरान आतंकियों ने सुरक्षाबलों पर फायरिंग शुरू कर दी, जिसके जवाब में बलों ने भी मोर्चा संभाला और मुठभेड़ शुरू हो गई। जानकारी है कि सेना ने जैश के तीन आतंकी मार गिराए हैं। हालांकि अभी भी सेना का सर्च ऑपरेशन जारी है। इससे पहले मंगलवार को दक्षिण कश्मीर के शोपियां जिले में सुरक्षाबलों ने लश्कर-ए-तैयबा से जुड़े तीन आतंकवादियों को मार गिराया। यह मुठभेड़ शुक्रू जंगल क्षेत्र, केलर में हुई थी। सूत्रों के अनुसार, तीन में से दो आतंकियों की पहचान हो चुकी है। इनके नाम शाहिद कुट्टे और अदनान शफी डार बताया गया है। शाहिद लश्कर का ए ग्रेड आतंकी थी।




CMYK

## सुविचार



परिश्रम करने से सफलता मिलती है और सफलता को कायम रखने के लिये मेहनत करते रहना ज़रूरी है।

विभा गुप्ता
बैंगलुरु

# संपादकीय

## पाकिस्तान- चीन आए साथ, ऑपरेशन सिंदूर पर रूस ने क्यों साधी चुप्पी

भारत के घरों में सालों से ये कहानी सुनाई जाती रही है कि 1971 में पाकिस्तान के खिलाफ लड़ाई में रूस ने कैसे हमारी मदद की थी। भारतीय जनमानस के मन में रूस की दोस्ती इतनी गहराई से बसी है कि ये लोक कथाओं का हिस्सा बन चुका है। भारत के लोग हर हाल में रूस पर भरोसा करते हैं, जबकि शायद ही कोई भारतीय होगा, जो अमेरिका पर आंख मूंदकर भरोसा करने की सलाह देगा। वह भी तब जब अमेरिका ने पिछले कुछ सालों में टेक्नोलॉजी और डिफेंस सेक्टर में भारत की जबरदस्त मदद की है। लेकिन पाकिस्तान के साथ मौजूदा संघर्ष में रूस की चुप्पी खल रही है। लिहाजा सवाल ये उठ रहे हैं कि क्या बदले जियो-पॉलिटिकल हालातों में अब भारत को रूस से उस तरह की मदद की उम्मीद नहीं रखनी चाहिए, जैसी उम्मीद हम पहले लगाकर रखते रहे हैं पाकिस्तान के संघर्ष के बाद एक सवाल जो बार बार उठ रहे हैं, वो ये कि आखिर रूस कहां खड़ा है क्या दशकों से भारत का आजमाया हुआ दोस्त अब तटस्थ बन गया है क्या चीन के खिलाफ संभावित संघर्ष के दौरान रूस इसी तरह से चुप रहेगा, जबकि भारत को उस वक्त सबसे ज्यादा मदद की जरूरत होगी जबकि हकीकत ये है कि भारत के पास आज भी अपने 60 से 70 प्रतिशत हथियार रूसी हैं। पाकिस्तानी मिसाइलों को आसमान में ही उड़ाने वाले एस-400 एयर डिफेंस सिस्टम भी रूसी है और रूस, एस-500 एयर डिफेंस सिस्टम के साथ साथ एसयू-57 जैसे पांचवीं पीढ़ी के लड़ाकू विमान भी भारत को ऑफर कर रहा है। भारत जब पाकिस्तान के साथ संघर्ष में उलझा था उस वक्त चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग मॉस्को में रूस के विक्ट्री डे परेड में मौजूद थे। वो बतौर मुख्य अतिथि मॉस्को पहुंचे थे। 2013 में राष्ट्रपति बनने वाले शी जिनपिंग की ये 11वीं बार रूस की यात्रा थी। चीन खुद को अमेरिका के साथ चौतरफा उलझा हुआ देख रहा है और उसे एक शक्तिशाली पार्टनर की जरूरत है, जो रूस के अलावा कोई और हो नहीं सकता। चीन की नजर ताइवान पर है और डोनाल्ड ट्रंप का प्रशासन ताइवान को लेकर उतनी दिलचस्पी नहीं दिखा रहा है, जैसा पूर्ववर्ती बाइडेन प्रशासन ने दिखाया था। शी जिनपिंग और व्लादिमीर पुतिन के बीच पिछले दिनों अलग अलग बैठकों के बाद जारी कम से कम तीन घोषणापत्रों में अमेरिका के संबंध में खतरा जताया गया है। दोनों का तर्क है कि अमेरिका, एशिया में नाटो का विस्तार करना चाहता है और दोनों ने इस बात पर जोर दिया है कि रणनीतिक जोखिमों को तत्काल खत्म करने की जरूरत है। एक्सपर्ट्स का मानना है कि भारत और पाकिस्तान संघर्ष के दौरान चुप्पी को इसी चश्मे से देखने की जरूरत है। इंटरनेशनल रिलेशन और इंटरनेशनल ऑर्गेनाइजेशन के फैकल्टी डॉ. मनन द्विवेदी भी यही कह रहे हैं। उन्होंने NBT से बात करते हुए कहा कि पाकिस्तान को लेकर भारत को रूस से उम्मीद कम नहीं करनी चाहिए, क्योंकि अभी भी भारत ने रूसी हथियारों को ही पाकिस्तान के खिलाफ इस्तेमाल किया है। लेकिन चीन का प्रभाव अब रूस पर है। भारत ने रूस से एस-400 एयर डिफेंस सिस्टम, Su-30MKI, MiG-29, T-90 टैंक, और न्यूक्लियर सबमरीन जैसे अत्याधुनिक प्लेटफॉर्म खरीदे हैं। भारत और रूस के बीच के संबंध रणनीतिक ही नहीं, बल्कि भावनात्मक रहे हैं। लेकिन यूक्रेन युद्ध के बाद के हालात ने दुनिया में बहुत कुछ बदल दिया है।

रूस ने ना तो भारत के ऑपरेशन सिंदूर का समर्थन किया और ना विरोध। लेकिन उसने पाकिस्तान के आतंकवादी नेटवर्क पर भी कोई टिप्पणी नहीं की। रूसी विदेश मंत्रालय का संक्षिप्त और तटस्थ बयान था कि हम सभी पक्षों से संयम की अपील करते हैं और क्षेत्रीय स्थिरता के लिए संवाद को प्राथमिकता देने की सलाह देते हैं। ये बयान कुछ ऐसा है, जब ताशकंद में राष्ट्रपति पुतिन से मुलाकात के दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने दिया था कि ये युद्ध का युग नहीं है। रूस का बयान डिप्लोमेसी के लिहाज से संतुलित है और रूस, भारत के साथ खड़ा है, इस विचार का विरोध करता है। आज के जियो-पॉलिटिकल हालात में रूस की विदेश नीति कई अहम फैक्टर से प्रभावित हो रही है। जिसमें रूस के खिलाफ पश्चिमी प्रतिबंध, रूस का आर्थिक तौर पर चीन पर निर्भर हो जाना और पाकिस्तान से भी जुड़ाव शामिल है। 2024 में चीन और रूस की सेना ने रूस से सुदूर पूर्व में अपनी उपस्थिति दिखाई थी। चीन, पाकिस्तान का काफी मजबूत रणनीतिक सहयोगी है और इस स्थिति में रूस का चीन की लाइन से अलग होना संभव नहीं है। रूस अब पाकिस्तान से भी संबंध बना रहा है। जिसके तहत दोनों देशों की सेनाओं ने ज्वाइंट मिलिट्री एक्सरसाइज भी किए है। दोनों देश धीरे धीरे डिफेंस डील की तरफ बढ़ते हुए भी दिख रहे हैं। लेकिन यहां ध्यान ये भी देना जरूरी है कि भारत भी रूसी हथियारों पर अपनी निर्भरता कम कर चुका है। बीबीसी के मुताबिक 2009 से 2013 तक भारत ने अपने 76 प्रतिशत हथियार रूस से खरीदे, लेकिन 2013 से 2019 के बीच भारत ने रूस से 36 प्रतिशत कम हथियार खरीदे। भारत अब इजरायल, फ्रांस, जर्मनी और अमेरिका के साथ भी रक्षा सौदे कर रहा है, तो फिर हमें रूस के लिए सीमा रेखा नहीं खींचनी चाहिए। हालांकि भारत ने अमेरिका और पश्चिमी देशों के विरोध के बाद भी लगातार रूसी तेल खरीदना जारी रखा और यूक्रेन युद्ध के लिए रूस की आलोचना नहीं की। शायद यही वजह है कि यूरोपीय देश पाकिस्तान के साथ संघर्ष के दौरान भारत को लेकर तटस्थ दिखने की कोशिश करते रहे। डॉ. मनन द्विवेदी इस सवाल से सहमत थे कि चीन के साथ संघर्ष के दौरान रूस बिल्कुल तटस्थ रहेगा और भारत के साथ हरगिज नहीं आएगा। डॉ. मनन द्विवेदी ने कहा कि चीन के साथ संघर्ष की स्थिति में भारत को अमेरिका और यूरोपीय देशों से मदद लेनी होगी। चीन के साथ संघर्ष की स्थिति बिल्कुल अलग होगी और भारत को उसके लिए अभी से नये स्तर की डिप्लोमेसी में जाना होगा। भारत को चीन के खिलाफ अमेरिका ही मदद दे सकता है। यहां ये भी ध्यान रखना जरूरी है कि भारत की तरह चीन ने भी रूसी एस-400 एयर डिफेंस सिस्टम खरीद रखा है। ऐसे में रूस की तटस्थता को तीन नजरिए से समझा जा सकता है। रूस खुद यूक्रेन युद्ध में उलझा हुआ है और उसके पास सीमित संसाधन बचे हैं। ऐसे में वो संघर्ष के दौरान किसी और पक्ष का साथ देने की जोखिम नहीं उठा सकता है, खासकर उस वक्त जब चीन उसकी अर्थव्यवस्था की रीढ़ की हड्डी बनने की तरफ है। भारत के साथ अमेरिका की नजदीकी अब काफी ज्यादा बढ़ चुकी है। भले ही अमेरिका, पाकिस्तान के संघर्ष के दौरान भारत के साथ पूरी तरह से नहीं दिखा, लेकिन भूलना नहीं चाहिए कि ट्रंप प्रशासन के तमाम अधिकारियों ने भारत का खुलकर पक्ष लिया है।


# टीआरपी की ख़ातिर जमूरा कुछ भी करेगा








अभी गत 28 मार्च 2025 की ही बात है जबकि ज़ी न्यूज़ टी वी चैनल के स्वामी सुभाष चंद्रा को ज़ी न्यूज़ की ओर से अभिनेता सुशांत सिंह राजपूत की मौत को लेकर रिया चक्रवर्ती को टारगेट करने से सम्बंधित ख़बरों को उनके चैनल ज़ी न्यूज़ द्वारा ग़लत तरीक़े से पेश करने के लिए मुआफ़ी मांगनी पड़ी थी। सुभाष चंद्रा ने कहा था कि - सुशांत राजपूत आत्महत्या मामले में सीबीआई ने क्लोज़र रिपोर्ट दायर कर दी है। मुझे लगता है ऐसा विश्वसनीय सबूतों के अभाव में हुआ है। अब अस्पष्टता की कोई जगह नहीं है। इसका मतलब ये है कि कोई मामला नहीं बनता है। पीछे मुड़कर सोचता हूं तो मुझे लगता है कि रिया को मीडिया ने अभियुक्त बनाया और इसकी अगुवाई ज़ी न्यूज़ ने अपने तत्कालीन संवाददाताओं और संपादकों के ज़रिए की। दूसरों ने इसमें ज़ी न्यूज़ को फ़ॉलो किया। ज़ी न्यूज़ के मेंटर के रूप में मैं उनसे कहूंगा कि बहादुरी दिखाएं और मुआफ़ी मांगें। मैं रिया से मुआफ़ी मांगता हूं, भले ही इसमें मेरी कोई भूमिका नहीं थी। गोया सुभाष चंद्रा ने यह स्वीकार किया था कि ज़ी न्यूज़ ने रिया चक्रवर्ती को ग़लत तरीक़े से आरोपी के रूप में पेश किया और अन्य मीडिया ने इसका अनुसरण किया। सवाल यह है कि क्या ज़ी न्यूज़ के किसी संपादक या पत्रकार ने अपने मालिक की बात मानी और मुआफ़ी माँगी ? और तो और क्या इस के बाद ज़ी न्यूज़ या उसके साथ झूठ परोसने का कारोबार करने वाले अन्य चैनल्स ने सुशांत राजपूत मामले से कोई सबक़ सीखा ? शायद बिल्कुल नहीं। बल्कि सचाई तो यह है कि मीडिया की बेहयाई व बेशर्मी में और अधिक इज़ाफ़ा होता जा रहा है। गत दस वर्षों से गोदी मीडिया सत्ता की कठपुतली बन चुका है और सत्ता से सवाल पूछने के बजाये विपक्ष को ही कटघरे में खड़ा करता रहता है। देश में अमन शांति की बातें करने के बजाये विभाजनकारी एजेंडा चलाता है। कोरोना काल जैसे संकटकाल से लेकर वर्तमान भारत पाक युद्ध जैसे अति गंभीर व संवेदनशील समय में भी सत्ता के इन्हीं जमूरों ने जिस तरह सांप्रदायिक एजेंडा चलाया उससे अधिक शर्मनाक और क्या हो सकता है ? यही मीडिया भारत के विश्वगुरु बनने का ढोल पीटता है तो कभी विश्व की पांचवीं अर्थव्यवस्था बनाने की बात करता है। परन्तु शायद यह भूल जाता है इन सभी लक्ष्यों को हासिल करने के लिये समाज के हर वर्ग का एकजुट होना ज़रूरी है। देश का मज़बूत होना ज़रूरी है। परन्तु आप जब भी गोदी मीडिया के टी वी चैनल खोलकर देखें इसमें सिवाय चीख़ने चिल्लाने, बदतमीज़ी की भाषा बोलने,अपने पैनल के अतिथियों के साथ बदज़ुबानी से पेश आने,हिन्दू मुस्लिम जिहाद क्षेत्रवाद,भाषा विवाद, ख़ालिस्तान, झूठ,अफ़वाह, भ्रम फैलाने के सिवा कुछ नज़र नहीं आता। पिछले दिनों पहलगाम आतंकी हमले व उसके बाद भारतीय सेना द्वारा किये गए ऑप्रेशन सिन्दूर के बाद अनेक भारतीय न्यूज़ चैनल्स विशेषकर ज़ी न्यूज़, आज तक, और रिपब्लिक भारत आदि ने राष्ट्रवाद के नाम पर जमकर सनसनीख़ेज़ सुर्ख़ियाँ बनायीं व भ्रामक ब्रेकिंग न्यूज़ चलायी गयीं। मिसाल के तौर पर एक शीर्षक था आज पाकिस्तान की आखिरी रात! तो दूसरा भारत का फ़ाइनल अटैक! आधा पाकिस्तान तबाह आदि भ्रामक शीर्षक ने तनाव को बढ़ाने में कुछ अधिक योगदान दिया।




निश्चित रूप से इससे जनता में भय और आक्रोश की भावना बढ़ी। साथ ही ऐसी ख़बरों के साथ जब गला फाड़ने और स्टूडियो में उछल कूद करने जैसी बेहूदा प्रवृति भी शामिल हो जाये तो न्यूज़ ऐंकर तो पूरी तरह जमूरे के किरदार में ही नज़र आता है। यही नहीं बल्कि इसी जमूरा गिरोह द्वारा ग़लत सूचना और फ़र्ज़ ख़बरों का भी जमकर प्रसार किया गया। कुछ मीडिया चैनल्स ने असत्यापित जानकारी, संपादित वीडियो, यूक्रेन-रूस युद्ध और यहाँ तक कि वीडियो गेम फ़ुटेज तक को युद्ध से सम्बंधित वास्तविक घटनाओं के रूप में प्रस्तुत किया। उदाहरण के लिए, जम्मू एयरफ़ोर्स बेस पर धमाके या जालंधर में ड्रोन हमले की ख़बरें फ़र्ज़ी पाई गईं। इससे न केवल भारत में ग़लत सूचना फैली, बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी शर्मिंदगी हुई। भारतीय मीडिया की भ्रामक व अफ़वाहपूर्ण कवरेज ने सोशल मीडिया पर भ्रामक सूचनाओं की गोया बाढ़ सी ला दी। अनेक वायरल वीडियो, सैन्य गतिविधियां या ड्रोन हमलों के दावे, अधिकांश संपादित या फ़र्ज़ी थे। ख़बरों के अनुसार कई भारतीय चैनल्स ने पाकिस्तान में भी कई ऐसे मोहरे तलाश लिये थे जिन्हें वे पैसे देकर अपने चैनल्स पर बुलाते थे और उन्हें गलियां देकर,अपमानित कर जानबूझ कर माहौल में गर्मी पैदा करते थे। यानी ख़ुद नूरा कुश्ती कर जनता को तनाव में डालते थे। आख़िरकार मीडिया की इस ग़ैर ज़िम्मेदाराना हरकत की वजह से ही सरकार के सूचना व रक्षा मंत्रालय और सैन्य व विदेश विभाग के अधिकारियों को ऐसे भ्रामक प्रसारण को लेकर सावधानी बरतने की अपील करनी पड़ी। परन्तु जिस बेशर्म मीडिया को अदालतों की झिड़की की परवाह नहीं ,जिस बेहया गोदी मीडिया को अपने मान सम्मान व प्रतिष्ठा की फ़िक्र नहीं वह भला भारत सरकार के निर्देशों की क्या परवाह करने वाला ? जिसे इस बात की फ़िक्र नहीं कि उसे तिहाड़ी,गोदी,दलाल,चरण चुम्बक,भक्त मीडिया जैसे अलंकरण से नवाज़ा जाने लगा है वह कहाँ सुधरने वाला। पूरी दुनिया के सोशल मीडिया और टी वी चैनल्स में इस बात का मज़ाक़ उड़ाया जा रहा है कि इसी दलाल मीडिया ने कराची बंदरगाह पर हमला करा दिया था,आख़िर किस आधार पर ? इसी मीडिया ने लाहौर पर क़ब्ज़ा करा दिया, इस्लामाबाद पर भारतीय सेना का क़ब्ज़ा करा दिया और तो और पाकिस्तान का प्रधानमंत्री निवास तक उड़ा दिया ? बेशक पाकिस्तानी मीडिया द्वारा भी इसी तरह की कई बेसिर पैर की बातें की गयीं। जैसे पटना व बेंगलुरु के बंदरगाहों पर पाकिस्तान का हमला जबकि इन दोनों जगह न तो समुद्र है न ही बंदरगाह। परन्तु हमें पाकिस्तान के मीडिया से तुलना करने की ज़रुरत ही क्या ? हम तो विश्वगुरु भारत के मीडिया की विश्वसनीयता की बात ही कर सकते हैं।

गत दस वर्षों से इसी मीडिया पर हिंसा और नफ़रत फैलाने के आरोप लगते रहे हैं। आज देश में सामाजिक विभाजन की जो रेखायें गहरी हुई हैं उसमें इसी मीडिया की अहम भूमिका है। उस दौरान मीडिया के बेलगाम होने पर सरकार की ख़ामोशी पर भी बार बार सवाल उठे। परन्तु सत्ता ने स्वयं को लाभान्वित होते देख उस समय इनपर कोई लगाम नहीं कसी न ही नियंत्रित रहने के निर्देश जारी किये। जबकि देश की अदालतों ने एक नहीं अनेक बार मीडिया को उसकी इन्हीं ग़ैर ज़िम्मेदाराना प्रसारणों के चलते आइना भी दिखाया,निर्देश भी दिये परन्तु इनकी बेशर्मी जस की तस क़ायम रही। और इसी विभाजनकारी एजेंडे के बल पर अपनी टीआरपी बढ़ती देख मीडिया उसी ढर्रे पर चलता रहा। और इसी बेलगामी का परिणाम यह रहा कि भारतीय मीडिया भारत-पाक तनाव के दौरान भ्रामक समाचार,सनसनीख़ेज़ कवरेज, ग़लत सूचना आदि प्रसारित करता रहा। और मीडिया के इसी ग़ैर ज़िम्मेदाराना रवैय्ये ने इसकी विश्वसनीयता पर विश्व स्तर पर सवाल उठाए। कुछ आउटलेट्स ने संतुलन बनाए रखने की कोशिश की, लेकिन समग्र रूप से मीडिया की भूमिका विवादास्पद रही। इतनी बदनामी व अपमान सहने के बाद आज भी मीडिया अपने ढर्रे पर क़ायम है। गोया इनकी नज़रों में यही पत्रकारिता है और यही पत्रकारिता के मापदंड। अगर यही मीडिया सत्ता की गोदी में बैठने के बजाये निष्पक्ष रूप से अपनी ज़िम्मेदारी निभा रहा होता तो आज देश की यह हालत न होती। समाज धर्म जाति के आधार पर इतना बंटा न होता। मंहगाई बेरोज़गारी का यह आलम न होता। परन्तु अपने झूठ,बकवास,पक्षपातपूर्ण व ग़ैर ज़िम्मेदाराना प्रसारण से मीडिया ने यह साबित कर दिया है कि टी आर पी की ख़ातिर जमूरा कुछ भी करेगा ?

**निर्मल रानी**



## नजर और नजरिया

पार्क की बेंच पर बैठे दो बुजुर्ग वर्तमान में घटित घटना के बाद देश भर में सोशल मीडिया के माध्यम से क्रिया/प्रतिक्रिया पर चर्चा कर रहे थे-- शर्मा जी ने वर्मा जी से कहा- युद्ध तो तीन दिन में खत्म हो गया किंतु अपने देश के सोशल मीडिया पर चल रहे आभासी युद्ध का तो कोई अंत समझ ही नहीं आ रहा है। आरोप प्रत्यारोप के चलते लोग एक दूसरे पर अपनी बात थोपने के चक्कर में निम्न स्तर की भाषा का उपयोग करने लगे हैं। कोई भी इस बेमतलब की बहस को खत्म नहीं कर अनर्गल वार्तालाप से इसे और बढ़ा रहे हैं। वर्मा जी ने शर्मा जी के चेहरे की ओर देखा और अपना चश्मा उतार कर शर्मा जी से कहा- जरा आप अपना चश्मा उतार कर मुझे दें एवं मेरा चश्मा आप पहनें। शर्मा जी ने अपना चश्मा उतारा एवं वर्माजी का चश्मा पहना, पहनते ही शर्मा जी ने तुरंत चश्मा उतारते हुए कहा- अरे आपके चश्मे से सब धुंधला नजर आ रहा है। आप मेरा चश्मा दीजिये, इससे मुझे साफ नजर आता है। वर्माजी ने उन्हें उनका चश्मा दिया और अपना चश्मा आंखों पर लगाते हुए शर्मा जी से कहा- कुछ समझ आया कि नहीं। सब के चश्मे का अलग अलग नंबर है वह अपने चश्मे से ही देख सकते हैं। दूसरे के चश्मे से दिखाने की लाख कोशिश करो उन्हें कुछ स्पष्ट नजर नहीं आवेगा, धुंधला ही नजर आवेगा। हर कोई अपनी बात को सही एवं दूसरे की बात को गलत साबित करता रहेगा। अत: किसी प्रकार की बहस में पड़ने की जरूरत ही नहीं है। न वे इसकी बात समझेंगे न ये उस की बात समझेंगे, क्योंकि सबकी अपनी नजर है और अपना नजरिया।

**डॉ. प्रदीप शशांक जबलपुर, म.प्र. 482002**

## कहानी



# तबादला

तबादलों पर से पाबंदी क्या हटी, मानो सुखी नदी में बाढ़ आ गई हो हम भी इस बाढ़ में बह कर एक शहरी किनारे पर आ लगे। 20 वर्षो से ग्रामीण क्षेत्र में रम गए थे। मैने कभी गांव के स्कूल शहर के स्कूल के लिए स्थानातरण नही चाहा। गांव तो मेरे रग रग में समाया हुआ रहा जहां सीधे साधे प्रेमी गांव के लोग ,ऐसी शुद्ध हवा का पर्यावरण शहरों में मिलना मुश्किल, हरभरे खेत ,कल कल करती नदी,कमल के फूलो से भरे तालाब कलरव करते चह चहाते तरह तरह के पक्षी, प्रकृति की गोद छोड़कर,शहर की दूषित, जहरीली भरी गेस के बने ज्वालामुखी के मुहाने पर बैठना नही चाहता था, वह तो सरकार की स्थानांतरण नीति के निर्णय अनुसार सिनियर शिक्षको जो अपनी ग्रामीण क्षेत्र मे सतत् अपनी सेवा देते रहे उन सिनियर शिक्षको को राहत बतोर शहरी क्षेत्रो मे स्थान्तरित किया ,लेकिन मेरे जैसे प्रकृति प्रेमी को यह मंजूर नही था,लेकिन क्या करते हमने तुलसी रचित दोहे को याद किया होइहि सोय राम रचि राखा देखा जाएगा। मेरे तबादले की बात बिजली की तरह पूरे गांव में फैल गई घर पड़ोसी और मोहल्ले वालों ने अपने विचारों के ताने-बाने बुनना प्रारंभिक कर दिए ,सर्वप्रथम तो मेरी श्रीमती जी ने अपनी कल्पना के पंख लगाकर उड़ान भरी हाँ मुवे इस गांव से तो मेरा अब जी भर गया टॉकीज में पिक्चर देखने को तरस गयी थी ,वहां के टॉकीजो मे पिक्चर देखने का मजा ही कुछ ओर है, वहां की शापिंग, सेर सपाटे , वाटर पार्क आदि की बात ही अलग है क्यो जी,,,मेने बिना नजरे मिलाए हां मे हां मिलाई, इसी बीच हमारे शहजादे प्रकट हुए बोले पापा पापा अब तो हम इस पुरानी लूना सेल कर बाइक खरीद लेंगे वह और कुछ बोलता उसके पहले उसे हमने %हां% कह के शांत किया। पड़ोस मे रहती शुशान्त की मम्मी ने अपने घर से झांक हम से पुछ लिया भय्या हमने सुना आपका तबादला शहर मे हो गया क्या यह बात सच है , जी भाभी आपने सही सुना है। शुशान्त की मम्मी बोली चलो आपसे मिलने के बहाने कभी कभार हम भी शहर की सेर कर आयेगें, मेने हां मे हां भीड़ी और कहा क्यो नही। इन सभी का जवाब देते देते तंग आ चुका था ,सोचा कमरे में जाकर जरा सुस्ता लु ,पर वहां भी श्रीमती आ धमकी,बोली यह भी कोई भला सुस्ताने का समय है। क्यो ना आप आज ही जा कर आपका दोस्त वहां जो रहता उससे मिलने पर आपको किराये के मकान ढूंढने मे सहायता मिलेगी। बात तो सही कही श्रीमती ने पर मेरा मन विचलित सा हो रहा था, सोच रहा था अप डाउन कर के भी गांव मे रह सकता हूं । लेकिन घर वाले हे की पीछे ही




पड़े है। फिर भी मैं अन मने मन से तैयार हुआ घर से निकल 40 किलोमीटर दूर शहर पहुंच कर दोस्त के घर जाने के लिए ओला रिक्शे मे बैठ गया रिक्शा चालक ने लोकेशन मांगी , लोकेशन मोबाइल पर निकालने की प्रक्रिया हमे नही आती थी सो उसे नही बता पाये, उसने पास ही खड़े रिक्शे वाले की ओर इशारा कर कहा वह रिक्शा आपको ले जाएगा हम उस रिक्शा मे जा बैठे , रिक्शा चालक बोला कहां चलना है बाबूजी हमने पाकेट डायरी पाकेट से निकाल पता बताया , उसने मीटर घुमाकर रिक्शा स्टार्ट कर चल दिया।कुछ दूर चले थे कि रिक्शा चालक ने पूछ ही लिया , इस शहर में आप नये नये से आये लगते हो, मेने हां मे हां मिलाई । तभी चालक ने बताया,,,,वह रिक्शा ओला कम्पनी था सभी मोबाइल पर काम चलता है मोबाइल ही भाड़ा तक बताता है , हां भय्या हमे वह प्रक्रिया नहीं आती । रिकशा चालक ने कहा, यहां रहोगे तो सभी कुछ सीख जावोगे। हां भय्या, कह मै शहर का नजारा देख रहा था अब शहर कितना क्या बदल गया है जहां पहले तांगे नजर आते थे वहां टेक्सी,रिक्शा ने ले ली, मकान मल्टियो मे तब्दील हो गये ,पैदल यात्री इक्का दुक्का दिखाई दे रहे,मानो सायकिले तो नदारद हो गयी थी यही सब देख सोच रहा था कि रिक्शा रुकी रिक्शा चालक बोला बाबूजी आपकी मंजिल आ गयी ,मेरे तंद्रा टूटी जेब से निकाल उसे पेमेंट कर, वर्मा की नेम पेल्ट पढ़ देखा बंगले का मेन गेट बंद था मेने काल बेल बजाई,जंजीर से बंधा अध खुले दरवाजे से तक़रीबन 12 वर्ष उम्र का बालक प्रकट हुआ, मेने पापाजी का फ्रेंड़ होने का हवाला दिया ,उसने मुंझसे पासवर्ड पूछा मै कुछ समझ नही पाया बच्चे ने कहा अंकल मे दरवाजा नही खोल सकता ऐसा किजिए यह पापा का विजिटिंग कार्ड लिजिए उस पर मो नम्बर पर बात कर लिजिएगा, कह कर दरवाजा बंद कर लिया। बंगले से कुछ दूर चाय की गूमटी पर जा कर शरण ली, चाय बनाने वाली को एक चाय बनाने का बोलकर, वर्मा को फोन लगाया 15 साल बाद मुलाकात वह भी फोन पर , वर्माजी ने कर्माजी को शहर मे स्थानान्तरित होने की बधाई दी साथ ही कहा यहां किराये के मकान ऐसे ही नही मिल जाते, मै कल आ कर बौक्रर्स को बुक करा दूंगा वह हमे विधिवत मकान दिला देगा। मैंने उसे धन्यवाद दिया साथ ही मेरे मन मे उठ रहे सवाल वर्मा से पूछ ही लिया, तुम्हारा लड़का मुझे से पासवर्ड मांग रहा था वह मुझे कुछ समझ में नहीं आया कौन सा पासवर्ड? वर्मा जी हंसते हुए अरे कर्मा जी आजकल शहरो में अनजाने लोग चोर उचक्के दोस्तो का हवाला देकर घर में घुसकर किसी भी वारदात को अंजाम दे सकते हैं इसलिए अपने बच्चों को एक ऐसा शब्द दिया जाता है ताकि सामने वाला वही शब्द बोलने पर वह घर मे प्रवेश तब जाकर देगा अन्यथा नही।आप मुंझसे घर जाने से पहले फोन लगाते तब घर प्रवेश का पासवर्ड तुम्हे बताता तब आपको घर के अन्दर आने की इजाजत मिल जाती। कर्मा जी ने कहा आगे से अब ध्यान रखुगा। यह कह फोन बंद कर दिया। तब तक चाय बन गयी थी,चाय पी बस स्टैंड पहुंच बस पकड़ी एक घण्टे बाद अपने गांव मे था घर पहुंच आराम कुर्सी पर निढाल हो अपनी थकान मिटाना चाहता था कि कमरे में श्रीमती का प्रवेश हुआ बोला अभी आपको रास्ते मे शर्मा जी मिले क्या, मैंने कहा नहीं तो,,,,आखिर बात क्या हुई बताओगे या पहेलिया ही बुझती रहोगी ,श्रीमती अपना रोना सा मुह लेकर बोली जो आदेश से ट्रांसफर लिस्ट निकली वह आदेश केन्सल हो गये है अभी अभी मुझे शर्मा जी बता के गये, मैंने मन ही मन ऊपर वाले को हाथ जोड़कर धन्यवाद दिया , शान्ति की सांस ले आंखे मूंदे आराम कुर्सी मे बड़े मजे मे धस गया।

लेकिन घरवालो को अभी भी दूर के ढोल सुहाने लग रहे थे उन्हें क्या पता कि पास जाकर ढोल की आवाज कितनी कर्कश और दिल को चुभने वाली होती है।

**भीम सिंह पवार भीमू इंदौर**

## इंदौर में भाजपा नेता रवि भाट ने आभार यात्रा निकाली



इंदौर। राष्ट्रवाद और कृतज्ञता के जोशीले प्रदर्शन में, भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने गुरुवार को विधानसभा 2 संत मोनी बाबा मंडल मंत्री मनोनीत होने पर रवि भाट द्वारा आभार यात्रा निकाली गई इस अवसर पर विधायक रमेश मेंदोला मंडल अध्यक्ष आदित्य पांडे, झोन अध्यक्ष संध्या राधाकिशन जायसवाल पार्षद का आभार माना

अयोध्या में ऑपरेशन सिंदूर की शानदार सफलता को चिह्नित करने और भारतीय सशस्त्र बलों के साहस और बलिदान को श्रद्धांजलि देने के लिए भी यह आभार यात्रा का आयोजन रवि भाट द्वारा किया गया

## राष्ट्र वीर दुर्गादास राठौर की प्रतिमा का समाज जनों ने अवलोकन किया



इंदौर। गौपुर चौराहे पर 1.51 करोड़ रुपए की लागत से राष्टवीर श्री दुर्गादास राठौर की वाटिका एवं प्रतिमा स्थल निर्माण के साथ ही चौराहे के सौंदर्यकरण के कार्य का निरीक्षण किया। चौराहे के पास स्थित ग्रीन बेल्ट पर धातु से निर्मित प्रतिमा का निर्माण किया जा रहा है। धातु से बनकर तैयार प्रतिमा गोपुर कॉलोनी चौराहे आने पर निरीक्षण करने के दौरान महापौर परिषद सदस्य राजेंद्र राठौर द्वारा अधिकारी, कंसल्टेंट तथा मूर्ति बनाने वाले ठेकेदार को शीघ्र कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए।

इस दौरान यातायात विभाग के अधिकारी, कंसल्टेंट तथा मूर्ति बनाने वाले ठेकेदार सहित राठौर समाज के जितेंद्र राठौर पार्षद, मनोज राठौर (तेली), टिकम राठौर, राकेश राठौर, प्रेमलाल राठौर , हरीश राठौर लड्डू भैया, चन्द्रपाल राठौर, राजु राठौर, राजकुमार राठौर, दिपक राठौर, लोकेन्द्रसिंह राठौर, संजु मित्र, मालती डागोर, ललिता राठौर सहित बड़ी संख्या में राठौर समाजगण उपस्थित थे। उक्त जानकारी युवा समाजसेवी गोविंद राठौर (राठौर क्रांति) ने दी

## सागर लखार का स्वागत किया



इंदौर। पूर्व लोकसभा स्पीकर ओर इंदौर में लगातार आठ बार की सांसद आदरणीय सुमित्रा महाजन ताई द्वारा वीर सावरकर मंडल विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 5 के सागर लखार को मीडिया प्रभारी नियुक्त होने पर बधाईयां दी। श्रीराम जी का भगवा दुपट्टा पहनाकर सम्मानित किया।ओर मिठाईयां खिलाकर मुंह मीठा करवाया।साथ ही पार्टी के साथ अपने कर्म के प्रति सजग और निस्वार्थ कार्य करने की प्रेरणा दी।स्वागत होने पर वीर सावरकर मंडल अध्यक्ष नितेश जैन ने बधाइयां दी। इस उपलक्ष्य पर अंतराष्टीय अवॉर्डी सुनील ठाकुर,संजू मीणा,प्रदीप नायक राहुल चौहान उपस्थित हुए।

## सृजन विविधा 16 मई को

इंदौर। श्री मध्यभारत हिंदी साहित्य समिति इंदौर में ''सृजन विविधा'' वरिष्ठ एवं नवोदित सभी रचनाकारों के लिए अपनी ÷स्वरचित रचना÷ जैसे गीत, गजल, कथा, लेख आदि प्रस्तुत करने का यह एक खुला मंच है।

श्रोताओं द्वारा रचनाओं की समीक्षा व सुझावों से नवोदित रचनाकारों को लेखन की दिशा में मार्गदर्शन सुलभ है। साहित्य में रुचि रखने वाले आप सभी सम्माननीय रचनाकार, श्रोता व पाठकों का इस मंच पर हार्दिक स्वागत है। प्रचार मंत्री हरेराम वाजपेयी ने बताया कि कार्यक्रम 16 मई, शाम 6:00 बजे से रहेगा। कार्यक्रम शिवाजी भवन में होगा।

### कार्टून कोना..........




# नगर निगम की पीली गैंग ने किसान के साथ किया अभद्र व्यवहार तरबूज सड़क पर फेक और कांटा ले भागे

इंदौर । गत दिवस देपालपुर से किसान अपने खेत में पैदा हुए तरबूज बेचने के लिए इंदौर आया था, वह एम आर 10 पर अपना ट्रैक्टर खड़ा कर तरबूज बेच रहा था । किसान का यह काम नगर निगम की पीली गेंग को नागवार गुजरा और उन्होंने गाड़ी से कई क्विंटल तरबूज सड़क पर फेंक दिए तथा किसान का कांटा लेकर चले गए ।

संयुक्त किसान मोर्चा के रामस्वरूप मंत्री, बबलू जाधव, चंदन सिंह बड़वाया शैलेंद्र पटेल आदि ने नगर निगम की नियम विरुद्ध कार्यवाही पर रोष जताते हुए दोषी निगम कर्मियों पर कार्रवाई की मांग की है

### किसान के साथ नगर निगम कर्मियों की इस लूट के विरोध में किसान मोर्चा आया मैदान में

किसान नेताओं ने घटना की जानकारी देते हुए बताया कि देपालपुर क्षेत्र के रोजड़ी गांव के किसान एमआर10 रोड के समीप अपना ट्रैक्टर लगाकर तरबूज बेचने का काम कर रहा था कि अचानक इंदौर नगर निगम की गाड़ी उनके पास आई और तरबूजों को सड़क पर फेक किसान का तौल काटा लेकर चले गए ।



किसान नगर निगम कर्मचारियों के सामने हाथ जोड़कर गिड़गिड़ाया और कांटा वापस देने को चिल्लाता रहा, लेकिन नगर निगम के कर्मचारियों ने किसान की एक नहीं सुनी और काटा लेकर चले गए नगर निगम की यह गुंडागर्दी से किसानों में आक्रोश है।नगर निगम कर्मियो को पीड़ीत किसान ने बताया कि मैं भारतीय जनता पार्टी के किसान मोर्चा का जिला मंत्री हूं और मेरी ही सरकार में नगर निगम द्वारा अत्याचार किया जा रहा है।किसान ने अपने कपड़े उतार कर बीच सड़क पर खड़े होकर प्रदर्शन भी किया । जानकारी ली नगर निगम के कर्मचारी द्वारा जो अत्याचार किया गया इसकी घोर निंदा की और दबी जुबान से यह भी कहा गया है कि आए दिन ऐसी घटनाओं को लेकर विवादों में रहते हैं नगर निगम के कर्मचारी गरीबों पर हमेशा कहर बरपाते पाते हैं अमीरों को खुली छूट देते हैं।

किसान नेताओं ने इस प्रकार का अत्याचार करने वाले निगम कर्मियों को दंडित करने और आगे से ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति ना हो ऐसी व्यवस्था करने की महापौर एवं नगर निगम कमिश्नर से मांग की है ।

## आर्किटेक्ट्स और एचवीएसी कंसल्टेंट्स को सशक्त बनाने के लिए इंदौर में एक्सचेंज कार्यशाला का आयोजन

इंदौर। आवासीय और वाणिज्यिक बुनियादी ढाँचे में उल्लेखनीय उछाल आने की उम्मीद है, क्योंकि यह 5 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है। परिवहन, रियल एस्टेट, शिक्षा और स्वास्थ्य सेवा में बढ़ते सार्वजनिक और निजी निवेश से विकास के पर्याप्त अवसर पैदा हो रहे हैं।

इस गति को समर्थन देने के लिए, भारत का सबसे स्वच्छ शहर इंदौर, ग्रीन बिल्डिंग फुटप्रिंट और स्मार्ट शहरी बुनियादी ढाँचे में मध्य प्रदेश में सबसे आगे है, जो कि आईजीबीसी डेटा के अनुसार राज्य के कुल 500.4 मिलियन वर्ग फीट में से 478.3 मिलियन वर्ग फीट संधारणीय परियोजनाओं का दावा करता है।



भारत में हिताची की नवीनतम जापानी तकनीक के साथ इस वृद्धि को गति देने के लिए, एयर कंडीशनिंग समाधानों के एक अग्रणी प्रदाता जॉनसन कंट्रोल्स-हिताची एयर कंडीशनिंग ने इंदौर में हिताची एक्सचेंज प्रोग्राम की मेजबानी की, जिसका उद्देश्य आर्किटेक्ट्स और एचवीएसी सलाहकारों को सशक्त बनाने के साथ ही उद्योग के प्रभावशाली लोगों के साथ मजबूत संबंधों को बढ़ावा देना था।

इस कार्यशाला ने उद्योग जगत के नेताओं के लिए ऊर्जा-कुशल शीतलन समाधान, उन्नत एचवीएसी प्रौद्योगिकियों और टिकाऊ शहरी नियोजन में एयर कंडीशनिंग की महत्वपूर्ण भूमिका पर चर्चा करने के लिए एक महत्वपूर्ण मंच के रूप में कार्य किया।

इसने अत्याधुनिक विनिर्माण क्षमताओं, एक वैश्विक विकास केंद्र और अत्याधुनिक प्रयोगशाला बुनियादी ढाँचे को प्रदर्शित करने का अवसर भी प्रदान किया, जिससे मेक इन इंडिया पहल और आत्मनिर्भर भारत के दृष्टिकोण के प्रति ब्रांड की प्रतिबद्धता को बल मिला।

यह कार्यशाला कंपनी की उस देश व्यापी पहल का हिस्सा है, जिसमें उद्योग सहयोग को मजबूत करने और भारत के सतत बुनियादी ढाँचे के विकास में योगदान देने के लिए 600 से अधिक आर्किटेक्ट और सलाहकार शामिल होंगे।

फील्ड ऑपरेशन के निदेशक, वर्गीस जोसेफ ने कहा, इंदौर में हिताची एक्सचेंज ऊर्जा-कुशल कूलिंग समाधानों को आगे बढ़ाने के लिए उद्योग के नेताओं, एचवीएसी सलाहकारों और आर्किटेक्ट के बीच एक सहयोगात्मक प्रयास का प्रतिनिधित्व करता है।

## डॉ. वरुण कपूर को दी जन्मदिन की शुभकामनाएं



इंदौर। मानव अधिकार एवं अपराध नियंत्रण संगठन की मुख्य कार्यालय प्रभारी रिया जैन एवं संगठन की टीम ने मध्य प्रदेश के स्पेशल डीजीपी डॉ. वरुण कपूर (आईपीएस) से सौजन्य भेंट कर उन्हें जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं दीं।

इस अवसर पर टीम ने डॉ. कपूर के उत्कृष्ट कार्यों, सामाजिक चेतना और जनसेवा के प्रति उनकी प्रतिबद्धता की सराहना की। संगठन की प्रभारी रिया जैन ने कहा कि डॉ. कपूर जैसे वरिष्ठ अधिकारी युवाओं के लिए प्रेरणा स्त्रोत हैं। मुलाकात के दौरान सौहार्दपूर्ण वातावरण रहा और डॉ. कपूर ने संगठन के कार्यों की सराहना करते हुए टीम को शुभकामनाएं दीं। डॉ.वरुण कपूर द्वारा किए गए कार्य न केवल सम्मान का प्रतीक है, बल्कि समाज में सकारात्मक संवाद और सहयोग की मिसाल भी पेश करते है। इस अवसर पर संगठन से शहर सचिव डॉ.समीर खान, पूर्व जोन उपाध्यक्ष धर्मेंद्र सोनी, पश्चिम जोन उपाध्यक्ष विक्रांत ओबेरॉय, सदस्य अनुराग शर्मा उपस्थित रहे।

## अल्पसंख्यक विभाग में अफसर पठान प्रदेश सचिव और मुशर्रफ पठान को प्रदेश संगठन मंत्री बनाया

इंदौर। मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग के राष्टीय अध्यक्ष जनाब इमरान प्रतापगढ़ी के आदेश और प्रभारी निजामुउददीन कुरैशी की सहमति से प्रदेश अध्यक्ष शेख अलीम ने जनाब मुशर्रफ पठान को प्रदेश संगठन मंत्री की जिम्मेदारी सौंपी है और अफसर पठान को प्रदेश सचिव नियुक्त किया गया है ।




मुशर्रफ खान इससे पहले इंदौर में अल्पसंख्यक विभाग में जिला महामंत्री और अफसर पठान जिला उपाध्यक्ष के पद पर थे। एक बार फिर प्रदेश संगठन ने उन पर भरोसा जताकर उन्हें ये जिम्मेदारी सौंपी है।

नासिर पठान, अंतर मालवीय, हाजी अशरफ खान, शायर शरीफ कैफ, जावेद खान, तारा पटेल, मुकेश बामनिया, मनोज जायसवाल, सोहन चौधरी, राजू कुमायूं, अनिल राठौड़, अफजल पठान, अनस पठान ,अज़हर पठान, सैफ पठान,महेश गुर्जर, सोहन चौधरी आदि लोगों ने बधाई दी है।

# अतिथि विद्वानों को एक बार फिर फॉलेन आउट करेंगी मोहन सरकार

इंदौर। डॉ. मोहन यादव की सरकार में रेग्युलर प्रोफेसरों के ट्रांसफर से एक बार फिर अतिथि विद्वानों को फॉलेन आउट का दंश झेलना पड़ेगा। जिसका कैलेंडर भी उच्च शिक्षा विभाग ने 13 मई को जारी कर दिया है। जबकि पूर्व शिवराज सरकार में इन्हें अनेकों सुविधाओं की घोषणा के साथ नवीन नियुक्ति या ट्रांसफर से फॉलेन आउट नहीं करने और इस प्रथा को समाप्त करने की घोषणा भी तत्कालीन उच्च शिक्षा मंत्री और वर्तमान मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की मौजूदगी में की गई थी।

### पंचायत में फॉलेन आउट प्रथा समाप्त करने की हुई थी घोषणा

वास्तव में अनेकों अतिथि विद्वान 25 साल से कालखंड और प्रति कार्य दिवस पर सेवा देते हुए अधिकाधिक आयु को पार कर गए हैं। एमपीपीएससी की सहायक प्राध्यापक परीक्षा 2024 में भी शामिल नहीं हो पाए हैं। अब बीच मझधार में उनका भविष्य दिखाई दे रहा है। सबसे अधिक तो पीएम कॉलेज आफ़ एक्सीलेंस के अतिथि विद्वानों को बेरोजगारी का डर सता रहा है। क्योंकि 616 प्रोफेसर का दिसंबर 2024 से रिडिप्लायमेंट इनके स्थान पर कर रखा है।

अब उन्हें यथावत करने की योजना उच्च शिक्षा विभाग की है। जबकि अनेकों विषयों में विगत सत्र से इनमें पद रिक्त थे, उन पर रिडिप्लायमेंट नहीं किया गया। अनेकों एकल पद से आए सहायक प्रोफेसरों को प्राचार्य ने कमिश्नर के आदेश के बावजूद उनकी मूल संस्था में वापस नहीं किया है।

मध्य प्रदेश अतिथि विद्वान नियमितीकरण संघर्ष मोर्चा के मीडिया प्रभारी शंकरलाल खरवाडिया ने इस बारें में कहा कि - ढ़ाई दशक से अतिथि विद्वानों का जीवन बहुत ही विपत्ति भरा रहा है। 45 से अधिक तो कालखंड दर पर ही संसार छोड़कर चले गए हैं। देश के कई राज्यों ने अतिथि विद्वानों का जीवन सुरक्षित कर दिया है। लेकिन एमपी में अब भी सरकार हमारे साथ फॉलेन आउट - फॉलेन आउट का खेल खेल रही है।

## पराली से मकान बनाने के शोध को दस हजार का पुरस्कार

इंदौर । पराली, जिसे अब तक वायु प्रदूषण का मुख्य कारण माना जाता रहा है, अब मकान बनाने में उपयोग की जा सकेगी। आईपीएस एकेडमी इंजीनियरिंग कॉलेज के सिविल इंजीनियरिंग विभाग के छात्रों ने एक नया शोध कर यह साबित किया है कि पराली का उपयोग कंक्रीट में सीमेंट के आंशिक विकल्प के रूप में किया जा सकता है।

इससे न केवल पर्यावरण में कार्बन डाइऑक्साइड के उत्सर्जन को कम किया जा सकेगा, बल्कि निर्माण लागत में भी कमी आएगी।

यह शोध ओमांशी राठौर और याशु यादव द्वारा श्रीमति सोनम यादव के निर्देशन में किया गया। इस अभिनव परियोजना को भोपाल में राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय परियोजना प्रतियोगिता सृजन में प्रस्तुत किया गया, जहाँ छात्रों को तकनीकी शिक्षा मंत्री श्री इंदर सिंह परमार द्वारा दस हजार रुपये के पुरस्कार से सम्मानित किया गया। मंत्री जी ने इस शोध की सराहना करते हुए भविष्य में भी हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया।



कॉलेज के प्रेसिडेंट श्री अचल चौधरी और प्राचार्य डॉ. अर्चना कीर्ति चौधरी ने छात्रों को बधाई दी और कहा कि संस्थान इस दिशा में आगे और अनुसंधान को बढ़ावा देगा। उन्होंने पराली आधारित निर्माण सामग्री पर कार्य करने हेतु एक विशेष प्रयोगशाला की स्थापना की संभावना भी जताई।

सिविल इंजीनियरिंग विभागाध्यक्ष डॉ. अमित शर्मा और डॉ. आशीष निम ने बताया कि विभाग लगातार वेस्ट मैनेजमेंट और सस्टेनेबल कंस्ट्रक्शन पर शोध करता आ रहा है। उन्होंने बताया कि इस विषय पर कॉलेज और डॉ. निम के नाम से तीन पेटेंट भी दर्ज हैं।

## चार धाम यात्रा पर हुए रवाना

इन्दौर। तकरीबन सौ से ज्यादा तीर्थ यात्रियों का एक जत्था संस्था श्री ओम शिव शंकर तीर्थ यात्रा संघ द्वारा आयोजित चार धाम यात्रा हेतु ट्रेन से रवाना हुआ। समाजसेवी सुरजीत सिंह वालिया और रवि चौहान ने यात्रियों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान बड़ी संख्या में मौजूद लोगों ने सभी तीर्थ यात्रियों का स्वागत किया। ज्ञात हो कि संस्था द्वारा हर वर्ष इस तरह की तीर्थ यात्रा आयोजित की जाती है उसी क्रम में इस वर्ष 100 से ज्यादा यात्रियों का जत्था इंदौर के रेलवे स्टेशन से रवाना हुआ।

## मप्र में कई सरकारी कॉलेज पर लगेगा ताला



इंदौर। मध्य प्रदेश में जल्द पुराने सरकारी कॉलेज में ताला लगने वाला है। उच्च शिक्षा विभाग प्रदेश के कई शासकीय बंद करने पर मंथन कर रहा है। जिन कॉलेजों में कम स्टूडेंट हैं उन्हें बंद कर इसके फैकल्टी को दूसरे कॉलेजों में भेजा जाएगा। बता दें कि मध्य प्रदेश में 571 सरकारी कॉलेज हैं। प्रदेश के कई कॉलेज ऐसे हैं जिन्हें सिर्फ स्थानीय मांग पर खोला गया था। पिछले साल 100 से अधिक कॉलेज में पर्याप्त एडमिशन नहीं हुए थे। इस साल कम एडमिशन होने पर कॉलेज बंद करने की प्रक्रिया शुरू होगी।

### उच्च शिक्षा मंत्री ने दिया बयान

कॉलेज में कम एडमिशन के सवाल पर उच्च शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार ने बयान दिया है। उन्होंने कहा कि कई स्थानों पर पास-पास कॉलेज खुल गए हैं।आने वाले समय में जहां विद्यार्थी नहीं होंगे, वहां की समीक्षा कर रहे हैं। कुछ कॉलेज बंद करेंगे। कॉलेज बंद करने के मुद्दे पर पूर्व मंत्री पीसी शर्मा ने तंज कसा है। उन्होंने कहा कि उच्च शिक्षा मंत्री ऐसे ही हैं। ये नए कॉलेज नहीं खोलेंगे लेकिन पुराने बंद करेंगे।

# पंचायत के विकास के बगैर समग्र भारत का विकास नहीं हो सकता

## हमें शहरी क्षेत्र की सभी सुविधाएं ग्रामीण क्षेत्र में भी उपलब्ध कराना होगी– पतजोशी

**इंदौर।** केरल के पुलिस महानिदेशक संजीव पतजोशी ने कहा है कि पंचायत क्षेत्र का विकास किए बगैर हम समग्र भारत के विकास की कल्पना भी नहीं कर सकते हैं। शहरी क्षेत्र में हमारे देश में जो साधन और सुविधाएं उपलब्ध है वह सभी हमें ग्रामीण क्षेत्र में भी उपलब्ध कराना होगी।

वे आज शाम यहां जाल सभागृह में अभ्यास मंडल की 64वीं ग्रीष्मकालीन व्याख्यान माला को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने भारत के दुरगामी विकास में पंचायत की भूमिका विषय पर संबोधित किया। उन्होंने कहा कि बचपन में हम गांव में रहते थे और वहां पर खेत भी जाते थे। पशु भी चराते थे और किस तरह से गाय का दूध आता है वह सारी स्थिति भी देखते थे। शाम के समय पर गांव में लाइट नहीं होती थी तो ऐसे में जल्दी घर में खाना बन जाता था और जल्दी ही खाना खाकर हमें सोना भी पड़ता था। इस स्थिति से आज की पीढ़ी वाकिफ नहीं है। हमारे देश में पंचायत का महत्व पुराने समय से ही बहुत ज्यादा रहा है। हरियाणा की खाप पंचायत हो या फिर बिहार की कुछ पंचायतें हो, उनके नाम सभी सुनते रहते हैं। आज स्थिति यह हो रही है कि गांव के लोग शहर की तरफ आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि हमें कठिन समस्या को पहले हल करना चाहिए लेकिन होता यह है कि हम आसान समस्या को पहले हल करने लग जाते हैं और कठिन समस्या को लंबित रख देते हैं। पंचायत को सरकार की ओर से इतना पैसा नहीं मिलता है कि वह अपने गांव में पक्की और अच्छी सड़क भी बना सके। जब प्रधानमंत्री आवास योजना को तैयार किया जा रहा था तो उस समय यह प्रावधान किया गया था कि गरीबों के लिए जो एक यूनिट बनकर तैयार होगा उसकी लागत 6 लाख रुपए होगी। यह प्रस्ताव जब वित्त मंत्रालय के पास गया तो उन्होंने इतने ज्यादा खर्च पर आपत्ति ली और उस यूनिट की



कीमत को घटाकर 1.5 लाख रुपए कर दिया। अब इतने कम पैसे में आवास के लिए कैसा यूनिट बनेगा इसका अंदाजा लगाया जा सकता है। यही कारण है कि आज इस योजना के तहत बने हुए आवास लोगों के लिए ज्यादा उपयोगी साबित नहीं हो रहे हैं। पतजोशी ने कहा कि हमारे देश में 6 लाख गांव हैं और 2.5 लाख पंचायत हैं। पंचायत क्षेत्र में महिलाओं के लिए 33त्न आरक्षण की व्यवस्था की गई है। इस समय हमारे देश में पंचायत में 47त्न पदों पर महिलाएं हैं। इसके साथ में यह एक बुराई भी जुड़ गई है कि चुनाव लड़कर महिला जीत जाती है और काम सारा उसका पति संभालता है। इसके चलते हुए गांव में सरपंच पति के रूप में एक नया शक्ति केंद्र नजर आता है। उन्होंने कहा कि पंचायत में होने वाले भ्रष्टाचार को दूर करने के लिए सरकार के द्वारा बड़े कदम उठाए गए हैं। पंचायत के खाते से नकद राशि का आहरण और चेक जारी करने का काम पूरी तरह से रोक दिया गया है। अब पंचायत से सारा पैसा ऑनलाइन ही ट्रांसफर होता है। पंचायत के पास भी सरकार की ओर से पैसा डिजिटल ही आता है। इसके साथ ही पंचायत में जहां भी जो कुछ विकास कार्य हो रहा है उसके लिए जिओ ट्रैकिंग का सिस्टम लागू कर दिया गया है। इस तरह से गांव की व्यवस्था को बेहतर बनाने का काम किया गया है। राजस्व के संग्रहण के लिए पंचायत के पास संपत्ति कर और मनोरंजन कर के रूप में दो ही साधन है। इससे भी पंचायत को कोई ज्यादा राजस्व अर्जित नहीं होता है। हमें यदि अपने देश में समग्र विकास की धारणा को क्रियान्वित करना है तो पंचायत के विकास के बगैर यह संभव नहीं है। कार्यक्रम की अध्यक्षता इंदौर के एसीपी अमित सिंह ने की। उन्होंने कहा कि समाज के अंतिम व्यक्ति से आशय गांव में रहने वाले उस व्यक्ति से है जिसके पास तक साधन और सुविधा की अप्रोच नहीं है। हमें ऐसे व्यक्ति की समस्याओं का समाधान कर उस तक सुविधा पहुंचना है। कार्यक्रम के प्रारंभ में अतिथियों का स्वागत अशोक मित्तल, आरके जैन, संजय मोगरा, श्रद्धा जैन, ओपी जोशी और श्रवण गुप्ता ने किया। कार्यक्रम का संचालन वैशाली खरे ने किया। अतिथियों को स्मृति चिन्ह सुनील मोहता और सीए राजेंद्र गोयल ने भेंट किए। कार्यक्रम के अंत में श्याम सुंदर यादव ने आभार प्रदर्शन किया। मुकेश चौहान, मुरली धामानी, शाम पांडे उर्मिला रैकवार आदि उपस्थित थे

### आज का व्याख्यान

अभ्यास मंडल के अध्यक्ष रामेश्वर गुप्ता और सचिव माला सिंह ठाकुर ने बताया कि व्याख्यान माला में कल शुक्रवार को आईआईएम अहमदाबाद के पूर्व डायरेक्टर जगदीप एस छोकर का व्याख्यान होगा। इस व्याख्यान का विषय है भारत में लोकतंत्र एवं चुनाव। इस व्याख्यान की अध्यक्षता देवी अहिल्या विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ राकेश सिंघई करेंगे।

## सेना के सम्मान में 56 व्यापारिक संस्था उतरेगी मैदान में

**इंदौर।** ऑपरेशन सिन्दूर मे शौर्य की पताका फहराने वाली भारत की सेना के सम्मान में आज 16 मई शुक्रवार शाम 4 बजे बड़ा गणपति से राजबाड़ा तक तिरंगा यात्रा निकाली जाएगी। भाजपा व्यापारी प्रकोष्ठ नगर संयोजक धीरज खंडेलवाल,मीडिया प्रभारी, जितेंद्र रामनानी और संतोष वाधवानी ने बताया तिरंगा यात्रा की तैयारियों को लेकर सियागंज स्थित सभागृह में अहिल्या चेबर्स ऑफ़ कॉमर्स के तत्वावधान में महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। जिसमें शहर की 56 व्यापारिक संस्था भी सेना के सम्मान में तिरंगा थामे इंदौर की सड़कों पर उतरेगी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन जी यादव भी इस यात्रा में भाग लेंगे। सभी



व्यापारियों ने इस तिरंगा यात्रा में अपने मित्र, परिजन, पड़ोसी और सभी परिचितों के साथ शामिल होंगे। इस बेठक को सांसद शंकर लालवानी, विधायक गोलू शुक्ला, भाजपा नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा, पूर्व विधायक गोपी नेमा, रमेश खंडेलवाल आदि ने संबोधित किया। बैठक में प्रमुख रूप से भाजपा व्यापारी प्रकोष्ठ नगर संयोजक धीरज खंडेलवाल,मीडिया प्रभारी, जितेंद्र रामनानी और संतोष वाधवानी, महारानी रोड ट्रेडर्स एसो के उपाध्यक्ष नंदकिशोर मेंघानी, नईम शेख,अपोलो टावर अध्यक्ष सुनील गुप्ता, इंडियन ट्रेड फोरम के सचिन बंसल एवं जाहिद शाह, विशाल लोधी, गोरधन मेहता एवं 200 से भी अधिक प्रमुख संस्थाओं के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## डॉ जनक पलटा रूटेज स्मार्ट विलेज सेंटर की गवर्निंग काउंसिल की सदस्य बनीं

**इन्दौर।** डॉ श्रीमती जनक पलटा मगिलिगन भारत सरकार के प्रधान वैज्ञानिक सलाहकार द्वारा रूटेज स्मार्ट विलेज सेंटर (आरएसवीसी) के क्रियान्वयन चरण की गवर्निंग काउंसिल की सदस्य । डॉ पलटा गवर्निंग काउंसिल की आर एस वी सी की प्रथम मीटिंग में शामिल हुई । गवर्निंग काउंसिल की मीटिंग में सबसे पहले समन्वयक ने जानकारी दी कि प्रधान वैज्ञानिक सलाहकार द्वारा रूटेज स्मार्ट विलेज सेंटर (आरएसवीसी) का मुख्य उदेश्य ग्रामीण नवाचार और संधारणीय समाधानों को बढ़ावा देकर ग्रामीण जरूरतों और तकनीकी प्रगति के बीच की खाई को पाटने की दिशा में नवाचार जमीनी स्तर तक पहुंचे और समुदायों का विकास हो सके। इस केंद्र का उद्देश्य ग्रामीण जरूरतों के साथ अत्याधुनिक तकनीकों को एकीकृत करना, जीवन की गुणवत्ता को बढ़ाना और टिकाऊ समाधानों के माध्यम से समुदायों को सशक्त बनाना है। डॉ जनक पलटा मगिलिगन ने ग्रामीण सोलर ड्रायर और सोलर थर्मल पेराबोलिक कूकर और जैविक सेतु से समाजिक , आर्थिक और पर्यावर्ण हितेषी सस्टेनेबल टेकनोलोजी को बढ़ावा देने के सुझाव दिए । स्मार्ट विलेज सेंटर के लिए महेश्वर के पास गाँव माटमोर में उनके प्रशिक्षित युवा ने यह सब कर दिखाया है पायलेट का जीवन छोड़ सस्टेनेबल विकास मे लग गया है ।

## मामला, महाराष्ट्र साहित्य सभा इंदौर ट्रस्ट बोर्ड के अध्यक्ष अशोक चितले और ट्रस्टी मुकुंद कुळकर्णी का त्यागपत्र


**इन्दौर।** महाराष्ट्र साहित्य सभा के ट्रस्ट बोर्ड के अध्यक्ष अशोक चितले और ट्रस्टी मुकुंद कुळ्कर्णी का त्यागपत्र देने का मामला सामने आया है कुछ ही समय पहले ट्रस्टी मुकुंद कुळ्कर्णी स्थायी तौर पर नागपुर चले जाने से उनके रिक्त स्थान पर सुमित्राताई के बेटे मिलिंद महाजन और अशोक चितले के इस्तीफ़ा देने से उनके स्थान पर एडवोकेट प्रदीप चौधरी को ट्रस्टी नियुक्त किया गया है तीन सदस्यीय ट्रस्ट बोर्ड में तीसरे ट्रस्टी सुभाष संवत्सर है द्य अश्विन खरे 15 वर्षो से अंगद के पैर जैसे कार्यकारिणी अध्यक्ष बने हुए है द्य मोहन रेडगावकर को बाहर करके प्रफुल्ल कस्तूरे सचिव है .

## इंदौर में पढ़ रहा बेटा फोन नहीं उठा रहा था, पिता ने दोस्तों को भेजा तो फंदे पर लटका मिला

**इंदौर।** शहर में रहकर पढ़ाई और नौकरी करने वाले बेटे को कल जब पिता ने फोन लगाया तो वह फोन नहीं उठा रहा था। उसके दोस्तों को उसे देखने भेजा तो वह फांसी पर लटका मिला। आत्महत्या करने से पहले उसने एक सुसाइड नोट भी लिखा था। कनाडिया पुलिस ने बताया कि बंगाली चौराहे पर रहने वाले 22 साल के आदर्श पिता विजयसिंह ठाकुर ने किराए के घर में आत्महत्या कर ली। आदर्श एलआईजी क्षेत्र में कॉल सेंटर में नौकरी करता था। साथ ही उसने बीबीए की पढ़ाई की थी।

## जनहित में साइबर अपराध रोकथाम और धोखाधड़ी प्रबंधन अद्वितीय पुस्तक

**इंदौर।** साइबर अपराध में वृद्धि के आसन्न खतरे को ध्यान में रखते हुए नई पुस्तक साइबर क्राइम प्रिवेंशन एंड फ्रॉड मैनेजमेंट आई है, जिसका जनहित में लेखन डॉ. राजेश दंडोतिया (एडीसीपी -साईबर क्राइम), प्रो. (डॉ.) पुनीत कुमार द्विवेदी (समूह निदेशक एवं प्रोफेसर ऑक्सफ़ोर्ड इंटरनेशनल, इंदौर इंटरनेशनल कॉलेज, इंदौर) और डॉ. नेहा शर्मा चौधरी (प्रिंसिपल, इंदौर इंटरनेशनल कॉलेज) ने किया है। इसका उद्देश्य न केवल आम जनता को जागरूक करना है, बल्कि विधि विद्यार्थियों, पुलिस प्रशासन, अधिवक्ता समाज और सुरक्षा




विशेषज्ञों के लिए महत्वपूर्ण संदर्भ पुस्तक के रूप में स्थापित करना है। इस पुस्तक में कुल 8 अध्याय में साइबर क्राइम की अवधारणा, विभिन्न प्रकार, कानूनी और वैधानिक प्रक्रिया एवं व्यवस्थाएं, बचाव की तकनीकें, संबंधित संस्थान और उत्तम प्रक्रियाएं एवं भविष्य में सुरक्षा के विभिन्न पहलुओं पर व्यापक जानकारी दी गई है।आज के डिजिटल युग में साइबर क्राइम के मामलों में भी तेजी से वृद्धि हो रही है। ऐसे में लेखक त्रय ने इसके माध्यम से उभरते चुनौतीपूर्ण प्रश्नों पर विचार और समाधान प्रस्तुत किए हैं। डॉ. द्विवेदी के अनुसार आर.जी. इंटरनेशनल पब्लिकेशन द्वारा प्रकाशित यह पुस्तक उच्चतम मानकों के साथ समाज के सभी वर्गों के लिए उपयोगी साबित होगी। तीनों लेखकों को समाज हित में इस सराहनीय प्रयास के लिए सभी मित्रों और शुभचिंतकों ने हार्दिक साधुवाद एवं बधाई दी है।

## इंदौर युवा कांग्रेस का अध्यक्ष बनने की दौड़ में दो युवतियों सहित आठ नेता

### 22 मई से चुनावः इंदौर से कई दावेदार मैदान में, ग्रामीण से अधिकांश उम्मीदवार

इंदौर। प्रदेश में 22 मई से होने वाले युवक कांग्रेस के चुनाव को लेकर अब माहौल नजर आने लगा है। ब्लाक अध्यक्ष से लेकर प्रदेश अध्यक्ष तक का चुनाव होना है। इसके लिए नामांकन दाखिल करने का काम पूरा हो चुका है। चुनाव में एक व्यक्ति को 6 वोट डालना होंगे। जिसे सर्वाधिक वोट मिलेंगे उसे ही चुना जाएगा। इंदौर से इस बार ग्रामीण क्षेत्र में घमासान की स्थिति है। इंदौर शहर युवा कांग्रेस का अध्यक्ष बनने की दौड़ में आठ नेता शामिल हो गए हैं, जिनमें दो युवतियां हैं। इन दावेदारों ने कल एक-दूसरे की उम्मीदवारी के खिलाफ आपत्ति लगाई है।

युवा कांग्रेस के चुनाव की प्रक्रिया तेज गति के साथ चल रही है। इंदौर शहर युवा कांग्रेस अध्यक्ष पद के लिए कुल आठ नेताओं द्वारा अपने नामांकन दाखिल किए गए हैं। चुनाव की प्रक्रिया ऑनलाइन होगी और 22 मई से शुरू होने वाली वोटिंग एक महीने तक चलेगी। उसके बाद परिणाम घोषित किए जाएंगे। अभी उसके लिए कोई तारीख तय नहीं की गई है। इंदौर शहर अध्यक्ष के लिए अमित पटेल, निखिल वर्मा सहित एक महिला प्रत्याशी ने भी ऑनलाइन नामांकन जमा किया है तो ग्रामीण क्षेत्र से अध्यक्ष के लिए गजेंद्रसिंह, राकेश मौर्य, गौरव सोलंकी और शादाब पटेल भी अपनी किस्मत आजमा रहे हैं। ग्रामीण क्षेत्र से एक बड़ा नाम भी था, लेकिन अब कहा जा रहा है कि वे प्रदेश में जाने के मूड में हैं। नामांकन की तारीख समाप्त होने के बाद अब प्रत्याशियों ने अपने स्तर पर प्रचार शुरू कर दिया है। विशेषकर युवक कांग्रेस के पुराने कार्यकर्ताओं से और कॉलेजों में संपर्क किया जा रहा है। सभी अपनी-अपनी रणनीति बनाने में जुटे हैं। 20 मई को प्रत्याशियों की सूची प्रकाशित की जाएगी और 22 मई से वोटिंग शुरू हो जाएगी। इस बार वे ही लोग मतदान कर सकेंगे, जिनका जन्म 1990 के बाद हुआ हो। 35 वर्ष से अधिक उम्र के किसी भी व्यक्ति को वोटिंग करने का अधिकार नहीं रहेगा। एक व्यक्ति को 6 वोट डालना होंगे, जिनमें प्रदेश अध्यक्ष, प्रदेश महासचिव, शहर अध्यक्ष, शहर महासचिव, विधानसभा अध्यक्ष के साथ ब्लाक अध्यक्ष को एक-एक वोट जाएगा। वोट डालते ही वह युवक कांग्रेस का सदस्य भी बन जाएगा। यह प्रक्रिया पूरे एक महीने तक चलेगी। इसके बाद मिले वोट के आधार पर प्रदेश अध्यक्ष तय किया जाएगा। जिन्हें कम वोट मिलेंगे, उन्हें नीचे का पद दिया जा सकता है, क्योंकि युवक कांग्रेस में आरक्षण सिस्टम भी लागू है।

नामांकन दाखिल करने की प्रक्रिया होने के बाद अब कल इस चुनाव के मैदान में उतरे नेताओं द्वारा एक-दूसरे के नाम पर आपत्ति लगाने का सिलसिला चला। कल लगाई गई आपत्तियों की आज सुनवाई और जांच होगी। इसके बाद फिर इन आपत्तियों का निराकरण होगा और चुनाव की प्रक्रिया आगे बढ़ेगी।

## सीबीएसई 10वीं की छात्रा हुमेरा खान ने 82.4% अंक लाकर बाजी मारी



**बाकानेर।** सीबीएसई ने 10वीं और 12वीं कक्षा के परीक्षा परिणाम घोषित कर दिए। सेंट जार्ज इंगलिश मीडियम स्कूल धार की छात्रा हुमेरा खान पिता अल्ताफ खान (वरिष्ठ पत्रकार) 10वी, में 82.4 प्रतिशत अंक हासिल कर प्रथम डिवीजन पास होकर अपने स्कूल व परिवार का नाम रोशन किया। हुमेरा ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता, स्कूल, शिक्षकगण और कोचिंग क्लास के गोपाल शर्मा, गोविंद शर्मा को दिया। हुमेरा की सफलता में ईष्ट मित्रों द्वारा बधाई शुभकामनाएं दी गईं और हुमेरा का उज्जवल भविष्य की कमाना की हुमेरा को मिली बधाई और शुभकामनाएं और सभी मित्रजनों का आभार व्यक्त किया।

## अमझेरा में गरज-चमक के साथ तेज बारिश से सड़कें तरबतर



अमझेरा। गुरुवार दोपहर बाद एकाएक मौसम परिवर्तन हुआ तथा शाम 5 बजे बाद गरज-चमक के साथ करीब आधे घंटे तेज बारिश से सड़के तरबरत हो गईं तथा नालियां उफन पड़ीं। बारिश से मौसम में ठंडक घुल गई।

# गच्छाधिपती आचार्यश्री हितेशचंद सूरिश्वरजी का मंगल पदार्पण



श्री राजेन्द्रसुरी जैन दादावाड़ी के आधार स्तंभ ज्योतिषाचार्य परम पूज्य श्री जयप्रभविजयजी महाराज साहब के शिष्यरत्न गच्छाधिपति आचार्य श्री हितेशचंदसूरिश्वरजी म.सा. , ज्योतिषाचार्य श्री दिव्यचंदविजयजी म.सा. एवं श्री वैराग्ययशविजयजी म. सा. ठाणा-3 का मंगल पदार्पण हुआ। गुरूवर आचार्य बनने के बाद मनावर नगर में प्रथम बार पधारे। चलसमारोह बैंड बाजो और ढोलताशो के साथ श्री कृष्ण टाकीज से मनावर नगर के मुख्य मार्गो से श्री शंखेश्वर पार्श्वनाथ जैन मंदिर पहुंचा। श्री श्वेतांबर जैन श्रीसंघ एवं श्री राजेन्द्रसूरी जैन चैरिटेबल ट्रस्ट ने आचार्य श्री की अगवानी की व गुरूभक्तो के जयकारो के साथ भव्य मंगल प्रवेश करवाया गया। आपके आगमन पर जैन पताकाओ, स्वागत द्वारो से नगर को सजाया गया और महिलाओ के द्वारा गवली की गई। मुनिश्री दिव्यचंदविजयजी ने गुरूदेव श्री राजेन्द्रसूरिश्वरजी महाराज साहेब के मोहनखेडा तीर्थ पर द्विशताब्दी महामहोत्सव 2027 को आचार्य श्री के मार्गदर्शन एवं सानिध्य में ऐतिहासिक बनाने की बात कही। आपने भारतीय सैनिको के बलिदान पर उन्हें नमन किया एवं कहा उनके शौर्य से ही भारत देश का गौरव हैं। आचार्य श्री हितेशचंदसूरिश्वरजी म सा ने स्थानीय श्रीसंघ से अपने स्नेह को स्वीकार करते हुए मनावर समाज के विकास को निरंतर गतिशील रखने की रूप रेखा पर विस्तृत चर्चा कर मार्गदर्शन दिया। उपरोक्त धर्मसभा का आयोजन श्री महावीर हीरा रतन भवन पर संपन्न हुआ। जिसमे पूर्व सांसद छत्तरसिंह दरबार , जिला पंचायत सदस्य शिवराम कन्नौज , दादावाडी ट्रस्ट के अध्यक्ष रमेशचंद खटोड , नगर पालिका अध्यक्ष अजय पाटीदार, पारस कासलीवाल , मनोहर जैन , प्रवीण ओरा , मिली सालेचा ने गुरू चरणो मे अपने भाव रखे। आप मुनिमंडल सहित मुंबई चातुर्मास हेतु उस दिशा मे विहार के लिए व्हाया मनावर होते हुए पधार रहे है। सर्व समाज मनावर के गुरूभक्तो एवं जैन समाजजनो मे आपके आगमन पर अपार उत्साह एवं हर्ष व्याप्त हैं। स्वामीवात्सल्य के समस्त लाभार्थियों ने आचार्य श्री को श्रीसंघ व ट्रस्ट की ओर से काम्बली ओढाई। कार्यक्रम का संचालन आकेश नवलखा ने किया एवं श्रीसंघ अध्यक्ष प्रवीण खटोड ने सभी का आभार व्यक्त किया।



## एनवीडीए की नहर सफाई के नाम पर केवल इतिश्री

**मनावर।** रामा धामा में ओंकारेश्वर परियोजना की चतुर्थ स्थान चरण नहर में सफाई के काम में केवल ऊपर कलर करवा कर इतिश्री कर ली है, चतुर्थ नहर जल सस्ता अध्यक्ष 18 कैलाश ठाकुर रामाधामा ने कहा कि यह जो मेन जाली पर सफाई नहीं होने के कारण ग्राम छितरी में ओपन से अंडरग्राउंड पानी जाता हुआ में नहर की सफाई न होने के कारण किसानों को अत्यधिक परेशानी रहेगी और पानी समय उपलब्ध नहीं हो पाएगा और जगह-जगह लीकेज क्योंकि यह दलदल और मिट्टी अगर अंदर जाती है तो सुधार कार्य नहीं हो सकता है मेमेन जाली ग्राम छितरी जहां से अंडरग्राउंड चालू होता है जो कि हमने समय से पहले विभाग को मौखिक रूप से फोटोग्राफ्स दिखा दिए उसके बावजूद भी सुधार कार्य नहीं हो रहा है विभाग स्तर से बताया गया है कि हमने पूरी साफ-सफाई रंगाई पुताई करवा दी गई है आप गलत बता रहे हो। सामने बरसात को देखते हुए अगर यह सारी गंदगी मिट्टी और अन्य चीज अंडरग्राउंड नहर में पहुंच गई तो साफ करना भी बड़ी मुश्किल का काम होगा और इसका खामियांजा किसानों को भुगतना पड़ेगा। इस समस्या को लेकर एनवीडीए, विभाग के अधिकारी को हमारे संवाददाता द्वारा बात करनी चाही तो उन्होंने कॉल अटेंड नहीं किया और उक्त ऑफिस में जाकर जब चर्चा करनी चाही वह ऑफिस में नहीं पाए गए।

## आंधी-तूफान और बारिश से जनजीवन अस्त-व्यस्त

गुरुवार को दोपहर नगर सहित कई गांव में कही हल्की तो कई जगह तेज बारिश और आंधी-तूफान के कारण क्षेत्र में जनजीवन प्रभावित हुआ। सड़कों पर पानी भर गया, जिससे लोगों को आने-जाने में समस्या का सामना करना पड़ा । खेतों में पानी भरने से धनिया प्याज की फसलें प्रभावित होने की आशंका जताई जा रही है।

विद्युत पोल एवं तार टूटने के कारण पेटलावद मार्ग, चामुंडा खेड़ी रोड, मंडी क्षेत्र, जवाहर मार्ग, अनु नगर कॉलोनी, सरस्वती कॉलोनी, नागेश्वर रोड, चमार रुडां, एकवीरा माता रोड, ग्राम खेड़ा का आंशिक क्षेत्र, शीतला माता, गांधी मार्ग सावरकर मार्ग, बकरा बाजार, रावत सेरी, दुर्गा चौक आदि जगह कई घंटे लाइट बंद रही। बदनावर के वार्ड क्रमांक 7 नंदिनी नगर में तेज हवा और तूफान के कारण घरों के ऊपर से चद्दरें उड़ गईं। कई गांव में भी नुकसान होने की सूचना मिली है। लोगों ने जैसे-तैसे चद्दरों को संभाला और नुकसान से बचाव किया। वहीं, वार्ड क्रमांक 15 में एक बिजली का खंभा गिर गया, जिससे विद्युत आपूर्ति कई घंटे तक बाधित हुई। जेल रोड पर भी तेज हवा के कारण एक बड़ा पेड़ जड़ सहित उखड़कर गिर गया, तेज हवा के समय कोई भी पेड़ के नीचे उपस्थित नहीं थे जिससे जनहानि नहीं हुई। खेतों में पानी भरने से किसानों की चिंता बढ़ गई है।





## बाग नगर के भूमिहीन लोगों को जल्दी मिलेगी भूमि की सौगात।



**बाग।** जनपद क्षेत्र क्रमांक 14 में ग्राम पंचायत बाग में कुछ वर्ष पूर्व जिनके पास भूमि नहीं के चलते बाग जनपद ने पूर्व में रहे कलेक्टर आलोक सिंह को आवेदन सौंपा था उसके बाद हितग्राहियों ने लगभग 325 आवेदन पट्टे के लिए ह्ल्ल योजना में ऑनलाइन किए थे जिसमें उस समय पटवारी रहे पवन पाटीदार और पंचायत की टीम ने घर घर जाकर जांच कर लगभग 141 लोगों की पात्र सूची बनाई थी बाग सरपंच धर्मेंद्र बामनिया और जनपद सदस्य प्रतिनिधि वकार खान गोल्डी ने पटवारी इंद्रजीत चौहान के साथ शासकीय भूमि सर्वे क्रमांक 97/3 का मुआयना किया और आज कुक्षी राजस्व अधिकारी आईएएस विशाल धाकड़ को आबादी घोषित करने के लिए आवेदन सौंपा जिसमें 300 लोगों को पट्टे देने की बात कही वकार खान गोल्डी ने कहा अगर 300 लोगों के लिए एक ही स्थान पर भूमि मिल जाती हे तो उसे कालोनी की तर्ज पर डेवलप किया जाएगा जिसमें पानी सड़क बिजली की व्यवस्था करना भी आसान होगा अनुविभागीय अधिकारी विशाल धाकड़ ने जल्द मौका मुआयना कर कलेक्टर धार को अवगत कर आबादी घोषित करने की बात कही इसी बिच बाघनी नदी पर घाट निमार्ण को लेकर भी चर्चा की गई ज्ञात हो धार कलेक्टर प्रियंक मिश्र को जनपद अध्यक्ष एवं सदस्यों ने घाट निर्माण के लिए आवेदन दिया था जिसके बाद तत्काल में मौकों का मुआयना कराया और स्टींमेट बनाने के लिए विभाग को आदेशित किया था जिसके बाद सी ई ओ बाग ने बताया कि लगभग 1.65 करोड़ का स्टीमेट बना हे और कलेक्टर महोदय इस कार्य को लेकर उत्सुक हे राजस्व अधिकारी विशाल धाकड़ ने कलेक्टर महोदय से बात कर जल्द से जल्द घाट निर्माण कराने की बात भी कही जो बाग नगर के लिए एक बड़ी सौगात होगी देखना ये हे की ये दो बड़ी सौगात कब तक पूरा होगी। इस सौगात में जनपद प्रतिनिधि वकार खान गोल्डी लगातार प्रयासरत रहते हुए । भूमिहीन लोगों को भुमि दिलाने व नदी पर घाट बनाने की मांग सभी के सामने मजबुती से रखते आए हैं । जिसका परिणाम ही यह सौगात है।

## रजिस्ट्रीकरण, सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एवं अपील प्राधिकारी नियुक्त

**धार।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी (स्थानीय निर्वाचन) प्रियंक मिश्रा ने त्रि-स्तरीय पंचायतों की फोटोयुक्त मतदाता सूची तैयार करने हेतु रजिस्ट्रीकरण, सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी (पंचायत) एवं अपील प्राधिकारी अधिकारी नियुक्त किए जाने का आदेश जारी किया है। आदेश के तहत सीईओ जिला पंचायत अभिषेक चौधरी को विकासखण्ड धार, नालछा, तिरला, बदनावर, मनावर, गंधवानी, डही एवं बाग के लिये अपील प्राधिकारी नियुक्त किया है। इसी प्रकार अनुविभागीय अधिकारी राजस्व धार रोषनी पाटीदार को राजस्व अनुभाग क्षेत्र की जनपद पंचायत धार एवं तिरला के लिए, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व पीथमपुर राहुल गुप्ता को नालछा के लिये, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व बदनावर दीपक चौहान को बदनावर के लिए, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व मनावर प्रमोद गुर्जर को मनावर एवं गंधवानी के लिए एवं अनुविभागीय अधिकारी राजस्व कुक्षी विषाल धाकड़ को अनुविभाग क्षेत्र कुक्षी की जनपद पंचायत डही एवं बाग के लिए रजिस्ट्रीकरण अधिकारी नियुक्त किया है। सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी में विकासखण्ड धार के लिये तहसीलदार दिनेश उईके, नालछा के लिये नायब तहसीलदार पीथमपुर राहुल गायकवाड़, तिरला के लिये नायब तहसीलदार धार आशीष राठौर, बदनावर के लिये तहसीलदार बदनावर सुरेश नागर, मनावर के लिये तहसीलदार मनावर कुणाल अवास्या, गंधवानी के लिये तहसीलदार गंधवानी दिनेश सोनारतिया, डही के लिये प्रभारी तहसीलदार डही सहदेव मोरे तथा विकासखण्ड बाग के लिये नायब तहसीलदार कुक्षी जागरसिंह रावत को सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी नियुक्त किया है।

# डही में दिव्यांग बच्चों को उपकरण वितरित किए



**डही।** समग्र शिक्षा अभियान अंतर्गत जिला शिक्षा केंद्र धार एवं जनपद शिक्षा केंद्र डही के तत्वावधान में स्थानीय बीआरसी भवन में गुरुवार को दिव्यांग बच्चों को चिकित्सकीय परामर्श उपरांत उनकी आवश्यकता अनुसार समारोहपूर्वक निशुल्क उपकरण वितरण किए गए। अतिथि के रूप में मंडल भाजपा मंत्री शैलेंद्र सोनी, युवा भाजपा नेता लोकेश अलावा, बीएमओ डॉ विजय अहरवाल, अभय दीक्षित, मप्र ट्राइबल वेलफेयर टीचर्स एसोसिएशन के ब्लॉक अध्यक्ष सरूपचंद मालवीया, पत्रकार संजय मालवीया आदि उपस्थित थे।

इस दौरान एलिमको जबलपुर के दिलीप कुमार वर्मा, पिंटू कुमार एवं राज राघव ने शिविर में उपस्थित होकर बच्चों को उपकरण के उपयोग का तरीका बताया। स्वागत भाषण देते हुए बीआरसी मनोज दुबे ने शिविर के उद्देश्यों की रूपरेखा पर प्रकाश डालते हुए कहा कि पूर्व में जिले के डॉक्टरों द्वारा परीक्षण उपरांत पात्र पाए गए दिव्यांग बच्चों को उपकरण वितरण किए गए। श्री दुबे ने बताया कि प्रत्येक बच्चें के लिए व्यक्तिगत आवश्यकता एवं उनके माप के अनुसार यह उपकरण एलिमको जबलपुर से बनकर आए हैं, जो गुणवत्ता के लिए विख्यात है। पार्षद शैलेंद्र सोनी ने कहा कि शासन की यह अभिनव योजना है। दिव्यांग बच्चें किसी सामान्य बच्चें से कम नहीं है। उनकी आवश्यकओं को समझकर शिविर में जो उन्हें उपकरण दिए जा रहे हैं, वे उनके आगामी जीवन के लिए एवं उनकी शिक्षा के लिए बहुत उपयोगी साबित होंगे। लोकेश अलावा ने सभी दिव्यांग बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की एवं बच्चों के पालकों से अपेक्षा की कि वे उपकरण की उचित देखरेख स्वयं करते रहेंगे। बीएमओ डा विजय अहरवाल ने दिव्यांग बच्चों और उनके पालकों को उपकरण के रखरखाव के संबंध में आवश्यक जानकारी दी। संचालन बीएसी हितेंद्र सिंह ठाकुर ने किया। आईईडी प्रभारी भुवानसिंह सोलंकी, साक्षरता सह समन्वयक रमेश सोलंकी, बीएसी मीनाक्षी ठाकुर, नितेश चौधरी, लेखापाल अनिता कनौजिया, सक्षम कार्यक्रम की ब्लॉक मैनेजर संध्या राजपुरोहित, कंप्यूटर आपरेटर मोहन उच्चवारिया, बीआरसी कार्यालय के चंदरसिंह, उदय सिंह आदि का शिविर में सराहनीय योगदान रहा। शिविर में दिव्यांग बच्चों के साथ उनके अभिभावक और बड़ी संख्या में शिक्षक उपस्थित हुए।



## इंजीनियरिंग के छात्रों को समर इंटर्नशिप का अवसर

**रतलाम।** प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण संचानालय भोपाल द्वारा प्लानिंग आर्किट्रैक्चरसिविल इंजीनियरिंग में पढाई कर रहे छात्र-छात्राओं के लिए 1 जून से 31 जुलाई समर वोकेशनल ट्रेनिंग इंटर्नशिप का अवसर उपलब्ध कराया जा रहा है। सीईओ जिला पंचायत श्रृंगार श्रीवास्तव ने बताया कि योजना में चयनित छात्रों को इंटर्नशिप के लिए संबंधित जिले की जनपद पंचायतों में कार्य के लिए रखा जाएगा और इन्हें 20 हजार रुपए स्टायफंड भी देने का प्रावधान है। समर इंटर्नशिप-2025 के लिए बी-प्लानिंग, बीआर के आर्किट्रैक्चर एम प्लानिंग, एमआरके आर्किट्रैक्चर और बी सिविल के छात्र-छात्राएं आवेदन कर सकेंगे। ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया 10 मई से प्रारंभ हो चुकी है और अंतिम तिथि 20 मई निर्धारित की गई है। ऑफर के लिए सूचना 26 मई तक दी जाएगी और 2 जून को भोपाल में ओरिटेशन होगा। जिला और ब्लाक मुख्यालय पर रिपोटिंग की तिथि 3 जून रखी गई है। संबंधित छात्र इंटर्नशिप के लिए आवेदन कर लाभ उठा सकते है।

## तहसील एवं शहर अन्तर्गत आने वाले देवस्थानों के पुजारियों की बैठक सम्पन्न

**रतलाम।** तहसीलदार एवं मैनेजर आफ कोर्ट आफ वार्ड्स द्वारा तहसील तथा रतलाम शहर के अन्तर्गत आने वाले देवस्थानों के पुजारियों की बैठक 15 मई को सम्पन्न हुई। बैठक में पुजारियों की समस्याओं, पुजारी मानदेय, जिन मंदिरों में पुजारी नियुक्त नहीं हैं वहां पुजारी नियुक्त करने, मंदिर के जीर्णोद्धार के प्रस्ताव बनाने, मंदिरों की भूमि पर अन्य व्यक्तियों द्वारा किए गए अतिक्रमण, पुजारियों के आई.डी. कार्ड बनाने, मंदिरों की साफ-सफाई व देखरेख, मंदिरों में कैमरे लगवाने आदि कार्यों के सम्बन्ध में चर्चा कर जानकारी प्राप्त की गई।

## जिले की 251596 लाड़ली बहनों के खाते में 30.57 करोड़ रूपये अंतरित हुए

**रतलाम।** प्रदेश के मुख्यमंत्री डा. मोहन यादव ने सीधी खुर्द जिला सीधी से 1.27 करोड़ लाड़ली बहनों के खातों में 1551.89 करोड़ रूपये अंतरित किये। जिले की 251596 लाड़ली बहनों के खाते में 30.57 करोड़ रूपये अंतरित हुए। कार्यक्रम का सीधा प्रसारण रतलाम जिले के कलेक्टर सभागार में देखा एवं सुना गया। इस अवसर पर जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग रजनीश सिन्हा सहित लाड़ली बहनें उपस्थित रहीं। राज्य स्तरीय कार्यक्रम का प्रसारण वेब कास्ट के माध्यम से जिले की आंगनबाड़ी केन्द्रो में भी किया गया, जहां पर लाड़ली बहने, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका उपस्थित रही। साथ ही सामाजिक न्याय विभाग के माध्यम से दी जाने वाली पेन्शन भी हितग्राहियो के खातो में अंतरित की गई। रतलाम जिले के 109338 हितग्राहियों को 656.03 लाख रूपए की राशि वितरित की गई।

## जिला पैथोलॉजी लैब एसोसिएशन की मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी से मुलाकात

**रतलाम।** जिला पैथोलॉजी लैब एसोंशीएशन द्वारा आज मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ संध्या बेलसरे से एक मुलाकात कर उनका स्वागत किया, मुलाकात में सीएमएचओ द्वारा सिकल सेल एनीमिया की रोकथाम हेतु पैथोलॉजी लैब संचालक गणो को जागरूकता लाने हेतु कार्य करने का सुझाव दिया सुझाव पर संगठन के अध्यक्ष दिनेश बरमेचा व सचिव मनोज उपाध्याय द्वारा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी की सराहना करते हुए उनको हर संभव मदद का आश्वासन दिया। इस अवसर पर संगठन के सरक्षक मुस्तफा बारूदवाला के साथ उपाध्यक्ष विनोद भट्ट,सह सचिव पराग चुनेकर,रितेश मेहता, दीपक शर्मा, राज वसुनिया, वीरेंद्र आचार्य, आदि लोग मौजूद थे।

## शहर के नालो की सफाई का कार्य युद्ध स्तर पर

**रतलाम।** महापौर प्रहलाद पटेल, स्वच्छता एवं ठोस अपशिष्ट प्रबंधन समिति प्रभारी विशाल शर्मा व निगम आयुक्त हिमांशु भट्ट द्वारा दिये गये निर्देशों के तहत नगर निगम के स्वास्थ्य विभाग अमले द्वारा शहर के बड़े नाले की सफाई का कार्य युद्ध स्तर पर किया जा रहा है जिसके तहत नगर के विभिन्न बड़े नालो की सफाई का कार्य करवाया गया। निर्देशों के तहत स्वास्थ्य विभाग अमले द्वारा माईजी का मठ, तेजा नगर ब्लॉक नम्बर 2, मोती नगर, जवाहर नगर, ज्योति कान्वेंट स्कूल घांस बाजार, अर्जून नगर, भरावा की कुई, सैलाना बस स्टैण्ड, पावर हाउस रोड़ व डोसी गांव वाले नाले की सफाई का कार्य सफाई संरक्षक, पोकलेन, जेसीबी और डंपर के माध्यम से करवाया गया यह अभियान निरंतर रहेगा। नालो की सफाई के दौरान स्वच्छता अधिकारी ए.पी. सिंह, झोन प्रभारी किरण चौहान, विनय चौहान, पर्वत हाड़े, तरूण राठौड़, विराट मेहरा, आशीष चौहान आदि उपस्थित थे।

## संवाद, समय और सम्मान ही परिवार की सबसे बड़ी ताकत है

**रतलाम।** आनंद विभाग रतलाम द्वारा विश्व परिवार दिवस 32 सदस्यों वाले रूपवर्षा प्रतिष्ठान के गांधी परिवार के साथ मनाया गया। राज्य आनंद संस्थान की जिला समन्वयक सीमा अग्निहोत्री ने बताया कि इस आयोजन का उद्देश्य परिवार के महत्व को बढ़ावा देना और परिवार के सदस्यों के बीच प्यार और सहयोग को मजबूत करना है। रतलाम में डालू मोती बाजार के रूपवर्षा प्रतिष्ठान के शांतिलाल गांधी के 4 पीढ़ी के कुल 32 सदस्य एक साथ संयुक्त परिवार में रह रहे हैं, जिसमें परिवार की 77 वर्षीय मुखिया कोमल गांधी और सबसे छोटे सदस्य 3 वर्षीय रियांश गांधी सम्मिलित हैं। परदादी कोमल गांधी ने आनंद विभाग के साथ अपने सुख और दुख के समय को याद किया कि तब घर के सारे काम खुद ही करने पड़ते थे लेकिन फिर भी वो जमाना याद आता है। बच्चों के फिल्म देखकर आने पर दादी के चुपचाप दरवाजा खोलने की घटना को बताते हुए खिलखिला कर हंसने लगी। उन्होंने बताया कि सम्मान और प्यार किसी भी परिवार को जोड़े रखने में सबसे जरूरी है। जब परिवार में बहू को भी बेटियों की तरह उनके नाम से बुलाया जाता है तो उन्हें अधिक अपनापन लगता है। बहु संध्या गांधी ने बताया कि परिवार में बच्चों को दादी से विशेष लगाव रहता है ,जो संयुक्त परिवार में ही संभव है। विनिशा गांधी ने कहा कि जब परिवार के सदस्य एक साथ रहते हैं तो हर दिन उत्सव लगता है। आनंद विभाग की मास्टर ट्रेनर सीमा अग्निहोत्री,पुष्पेंद्र सिंह सिसौदिया, ईश्वर सिंह राठौर धर्मा कोठारी, ईश्वर सिंह राठौर, सुरेंद्र अग्निहोत्री, विनोद पाटीदार,अशोक मेहता ने गांधी परिवार से मिलकर परिवार की एकजुटता पर चर्चा की।परिवार की बहुओं ने आनंद विभाग के साथ मनोरंजक गतिविधि का आनंद लिया। कार्यक्रम के अंत में कुश गांधी ने राज्य आनंद संस्थान का आभार व्यक्त किया।

आधा करोड़ की चोरी का खुलासा-

# आरोपियों ने यूपी, गुजरात, उत्तराखंड सहित रतलाम जिले में आठ स्थानों पर वारदात करना कबूला

**रतलाम।**

दीनदयाल नगर थाना अंतर्गत शांति निकेतन के दो सूने मकान में चोरी के मामले का आज एसपी अमित कुमार ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर खुलासा किया। वारदात में शामिल दोनों आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर उनसे चोरी का माल बरामद कर लिया है।

आरोपियों ने गुजरात, उत्तराखंड, यूपी सहित रतलाम जिले में 8 स्थानों पर चोरी के अन्य वारदातें भी कबूली है। जानकारी के अनुसार 13 मई की सुबह 5 बजे अज्ञात बदमाशों ने शांति निकेतन निवासी मनीष कुमार और विकास पितलिया के सूने मकानों को निशाना बनाया था। बदमाश मनीष मूणत के घर से आधा किलो से अधिक सोना, चांदी और नगदी पर हाथ साफ कर गए थे, वही विकास पितलिया के यहां से भी सोने की चेन और नगदी पर हाथ साफ किया था।

एसपी अमित कुमार एवं एएसपी राकेश खाखा ने घटना की गंभीरता के दृष्टिगत तत्काल सीएसपी सत्येन्द्र घनघोरिया के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी दीनदयाल नगर निरीक्षक मनीष डाबर के नेतृत्व में थाना डीडी नगर एवं सायबर सेल की संयुक्त टीम का गठन कर घटना के हर पहलु पर जांच करने के निर्देश दिये।

थाना प्रभारी बिलपांक निरीक्षक अय्युब खान , थाना प्रभारी अजाक थाना निरी. लिलियन मालवीय की अलग अलग टीमो का भी गठन किया गया। गठीत की गई टीमो द्वारा लगातार सीसीटीवी फुटेज तथा तकनिकी संसाधनो का उपयोग कर साक्ष्य जुटाये जाकर घटना स्थल के आसपास के सीसीटीवी फुटेज चेक किये गये जिसमे दो संदीग्ध व्यक्ति घूमते हुए दिखाई दिये।



जिनके संबंध में अलग अलग स्थानो के सीसीटीवी कन्ट्रोल रूम रतलाम से कैमरे चेक किये गये। सीसीटीवी कैमरे तथा सायबर सेल व अन्य तकनीकी संसाधनो व बस कंडेक्टरो, हॉटल मैनेजरो से पुछताछ करते संदिग्ध व्यक्तियो के जिला डुंगरपुर राजस्थान के होने की जानकारी प्राप्त हुई। जिस पर पुलिस टीम द्वारा सागवाडा व गलियाकोट जिला डुंगरपुर राजस्थान पहुंचकर संदिग्धों को सायबर टीम की मदद से पकडा गया।

आरोपीयो से अपराध के बारे मे पुछताछ करने पर जुर्म करना स्वीकार किया गया जिन्हें गिरफ्तार किया जाकर आरोपीयो से चोरी गया 53 लाख रूपए का सामान जब्त किया गया। आरोपीयो ने पुछताछ में रतलाम शहर व रतलाम ग्रामीण में अलग अलग 08 स्थानो पर चोरी करना व मुजफ्फरपुर उत्तर प्रदेश, अहमदाबाद, गुजरात व उत्तराखण्ड में भी चोरी की वारदाते करना बताया जिसके संबंध में जानकारी एकत्रित की जा रही है।

### गिरफ्तार आरोपीयो के नाम

1. शक्तिसिंह सरदार पिता जीतसिंह उम्र 25 वर्ष निवासी सागवाडा थाना सागवाडा जिला डूंगरपुर राजस्थान
2. आनंदसिंह सरदार पिता पर्वतसिंह सरदार उम्र 23 वर्ष निवासी ग्राम जुतलाई गलियाकोट थाना चितरी जिला डुंगरपुर राजस्थान

### महत्वपूर्ण भूमिका

निरीक्षक मनीष डावर थाना प्रभारी दीनदयाल नगर , निरी. अय्युब खान थाना प्रभारी बिलपांक उनि अमित शर्मा थाना बिलपांक, प्रआर मनमोहन शर्मा (प्रभारी सायबर सेल) प्रआर लक्ष्मीनारायण सूर्यवंशी, प्रआर हिम्मत सिंह गौड, प्रआर नारायण जादौन, प्रआर ईश्वर सिंह, आर विपुल भावसार, आर मयंक व्यास, आर दीपक सिंह, आर अवधेश प्रताप, आर. बिल्लरसिंह, आर. धीरज यादव की महत्वपूर्ण भूमिका रही ।

# सोहनगढ में जल गंगा संवर्धन अभियान अन्तर्गत कलेक्टर ने तालाब गहरीकरण कार्य का शुभारम्भ किया

**रतलाम।**

शासन द्वारा 30 जून तक चलाए जा रहे जल गंगा संवर्धन अभियान अन्तर्गत जिले में जल संरक्षण के कार्य सतत् जारी हैं। इसी कडी में आज कलेक्टर श्री बाथम ने ग्राम सोहनगढ जनपद जावरा में सोहनगढ पहाडी पर स्थित तालाब गहरीकरण कार्य का शुभारम्भ किया।

24 वीं बटालियन जावरा के सोहनगढ स्थित परिसर की पहाडियों पर हार्डफुलनेस संस्था द्वारा ढाई वर्श पूर्व तत्कालीन मुख्यमंत्री द्वारा तथा हार्टफुलनेस के मार्गदर्शक श्री कमलेश पटेल द्वारा एक सघन वृक्षारोपण कार्यक्रम प्रारम्भ किया गया था। ढाई वर्ष पूर्व जो भूमि पूरी तरह से बंजर एवं वीरान थी फारेस्ट लाई हार्टफुलनेस कार्यक्रम अन्तर्गत आज उस पहाडी पर सौ से अधिक प्रजातियों के लगभग 30 हजार पेडों का हरा-भरा जंगल लहरा रहा है।



सोहनगढ ग्राम पंचायत में स्थित इस बटालियन परिसर में जलसंकट की परिस्थितियों का संज्ञान लेकर 24 वीं बटालियन के कमांडेंट श्री अमित तोलानी (आईपीएस) ने विभिन्न सरकारी विभागों के साथ मिलकर यहां स्थित दो छोटे तालाबों के गहरीकरण की योजना तैयार की एवं परिसर में स्थित आवासीय भवनों के जल को संरक्षित करने का कार्यक्रम विशेषज्ञों के साथ मिलकर तैयार किया गया।

कार्यक्रम में रतलाम डीआईजी श्री मनोजसिंह, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग मनरेगा श्री बी.एस. मण्डलोई, तहसीलदार श्री दानगढ उपस्थित थे। प्रकृति पर्यावरण एवं जल संवर्धन के लिए कलेक्टर श्री बाथम तथा डीआईजी श्री सिंह ने बटालियन कमांडेंट श्री तोलानी एवं हार्टफुलनेस संस्था के प्रयासों की सराहना कर अनुकरणीय बताया। हार्टफुलनेस संस्था के संभागीय समन्वयक श्री संजय खण्डेलवाल द्वारा क्षेत्र में चलाए जा रहे विभिन्न सेवा प्रकल्पों की जानकारी दी व भविष्य की कार्ययोजना प्रस्तुत की। बटालियन के डिप्टी कमांडेंट श्री मनोहरसिंह बारिया, असि. कमाडेंट श्री लावरे, श्री पाठक, इंस्पेक्टर श्री मुकेश द्विवेदी, सूबेदार मेजर श्री रामरतन गोयल तथा जवान कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। कार्यक्रम का संचालन श्री सुबोध शर्मा ने किया तथा आभार श्री बारिया माना।

## कलावती देवी गगरानी के नेत्रदान से दो लोगों को मिलेगी नई रोशनी

**रतलाम।** बालाजी नगर निवासी स्व. राधेश्याम गगरानी की धर्मपत्नी पंकज गगरानी की माताजी श्रीमती कलावती देवी गगरानी के दुःखद निधन के पश्चात उनके नेत्रदान (कॉर्निया) से दो जरूरतमंदों को नई दृष्टि प्राप्त होगी। यह पुनीत कार्य समाज में नेत्रदान के प्रति जागरूकता और सेवा भावना का प्रतीक है। नेत्रम संस्था के हेमन्त मूणत ने जानकारी देते हुए बताया कि यह कार्य शीतल भंसाली की प्रेरणा से संपन्न हुआ। परिजनों की सहमति मिलते ही नेत्रम संस्था द्वारा बडनगर स्थित गीता भवन न्यास के ट्रस्टी एवं नेत्रदान प्रभारी डॉ. जी.एल. ददरवाल को सूचित किया गया। सूचना मिलते ही डॉ. ददरवाल अपनी टीम के सदस्यों चंचल पाटीदार और मनीष तलाच के साथ तत्परता से रतलाम पहुंचे और नेत्रदान की प्रक्रिया को सफलता पूर्वक पूर्ण किया। इस पुनीत कार्य के समय हेमन्त मूणत, ओमप्रकाश अग्रवाल, भगवान ढलवानी, शलभ अग्रवाल, नवनीत मेहता जितेन्द्र काबरा, शैलेन्द्र डागा, नरेंद्र बाहेती,द्वारका ,(पप्पू )भंसाली,राजेश माहेश्वरी ,दीपक गगरानी उपस्थित रहे। नेत्रम संस्था ने गगरानी परिवार के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए इसे समाज के लिए एक प्रेरणास्त्रोत बताया है। संस्था ने नागरिकों से अपील की है कि वे नेत्रदान के लिए आगे आएं और किसी के जीवन में रोशनी का कारण बनें। नेत्रदान हेतु नेत्रम परिवार के सदस्यों से संपर्क किया जा सकता है।



## इंदौर जैसे बड़े शहरों की जैसी सॉफ्टवेयर ट्रेनिंग अगर रतलाम में मिलती है तो अब इंदौर क्यों जाना : डॉ. पाठक



**रतलाम।** महलवाड़ा स्थित ब्रेनवन एकेडमी के द्वारा अयोजित तीन दिव्यसिय कार्यशाला के समापन के अवसर पर मुख्यातिथि के रूप में आए शहर के जाने माने दंत रोग विशेषज्ञ डॉ हितेश पाठक ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि एक अच्छी सॉफ्टवेयर ट्रेनिंग और प्रोग्रामिंग कौशल सीखने के लिए स्कूल और कॉलेज के छात्र और छात्राओ को इंदौर जैसी मेट्रो शहरो मे जाना पड़ता है। लेकिन अब ब्रेनवन एकेडमी जैसी अच्छी ट्रेनिंग और सॉफ्टवेयर डेवलपमेंट सेंटर रतलाम में खुल रही है। तो अब हमारे शहर के छात्र छात्राओं को अब शहर के बाहर जाकर ट्रेनिंग और कंप्यूटर प्रोग्रामिंग के कोर्स करने की आवश्यकता नहीं है। अपने उदबोधन मैं संस्था के कार्यकारी निदेशक प्रो इमरान हुसैन ने बताया कि लंबे समय से एक उचित प्रोफेशन आईटी ट्रेनिंग सेंटर की जरूरत थी। जो ट्रेनिंग के साथ सॉफ्टवेयर डेवलपमेंट का भी काम करे। इसे देखते हुए अपने मित्र इंजीनियर विवेक जैन बरैया के साथ मिलकर इसकी स्थापना की जिसका शुभारंभ रविवार को सुबह 10 बजे होगा। अतिथियों का आभार व्यक्त करने के लिए संस्था के प्रबंध निदेशक इंजीनियर विवेक जैन ने वर्कशॉप मैं भाग लेने वाले छात्र छात्राओं से उनके अनुभव साझा किए। कार्यक्रम का संचालन इंजीनियर जोया खान ने किया और प्रशिक्षण मास्टर ट्रेनर हिरेंद्र ने दी। इस अवसर पर विभिन्न शेषनिक संस्थाओं के छात्र एवं छात्राएं उपस्थित थीं।

# सुबह उठना प्रकृति सम्मुख दिव्य योग की शरण लें

## पतंजलि जिला शिक्षा विभाग ग्रीष्मकालीन योग शिविर

**रतलाम।**

पतंजलि योगपीठ हरिद्वार युवा भारत जिला रतलाम सहयोग शिक्षक प्रशिक्षण निःशुल्क इंटिग्रेटेड योग शिविर प्रातः 05.30 से 07.30 तक विधायक क्रीड़ा केन्द्र स्पोर्ट्स ग्राउंड विरियाखेड़ी स्थित शिविर के निमित्त जिला शिक्षा विभाग ग्रीष्मकालीन योग प्रशिक्षण के द्वारा बच्चों स्कूल स्टाफ नगरवासियों के लिए योग से निरोग महायज्ञ में हर जन आहूति दें।



महेन्द्र सोलंकी जिला खेल अधिकारी जिला शिक्षा विभाग के मार्ग दर्शन में जिला परियोजना समन्वयक धर्मेद सिंह, मुकेश राठौर योग शिक्षक द्वारा पत्र के माध्यम से जानकारी अवगत कराई गई हार्ट फुलनेस संस्था के निलेश शुक्ला ने शितली करण ध्यान क्रिया का अभ्यास कराया पतंजलि संगठन द्वारा योग सेवा सम्मान किया गया। पहले माताएं बहनें सुबह से ही चक्की चलाने पानी भरने रोजमर्रा के कामों में व्यस्त रहकर रोग मुक्ति रहकर परिवार को शुद्ध भोजन के साथ पवित्र आचरण स्वभाव से परिवार में खुशहाली बनी रहती थी आज पश्चात्यकरण से रोग की उत्पत्ति हो रही प्रकृति सम्मुख दिव्य योग की शरण लें।

18 मई युवा केन्द्रीय प्रभारी स्वामी आदित्य देव जी के दिव्य आगमन पर रतलाम करेगा। योग नगर की समाजसेवी आध्यात्मिक संस्थाओं प्रबुद्ध जनों का सहयोग मिल रहा। समस्त नगरवासी परिवार संग लाभ ले राज्य प्रभारी प्रेम पुनिया के मार्ग दर्शन में संगठन के गुरु निष्ठ पदाधिकारी डॉ. उत्तम शर्मा, विशाल कुमार वर्मा, अपार उपाध्याय, राजमल कुमावत, नित्येन्द्र आचार्य, राजश्री राठोड, राजेश धाकड़, गोवर्धन बिलवार, सीमा वर्मा, प्रेरणा पाल, अन्य नव योग साधक योगदान दे रहें।

# अघोषित विद्युत कटौती के विरोध में कांग्रेस ने दिया ज्ञापन

**रतलाम।**

मामूली बारिश और हवा में शहर की विद्युत व्यवस्था की पोल खोल दी है कई क्षेत्रों में 6 से 8 घंटे तक विद्युत प्रदाय बंद रहा। इन सब बातों को लेकर शहर कांग्रेस कमेटी द्वारा एक ज्ञापन अधीक्षण यंत्री के नाम पर कार्यपालन यंत्री विनोबा तिवारी को मध्य प्रदेश विद्युत मंडल में दिया गया। ज्ञापन में बताया कि पिछले 15 दिनों से शहर के कई मोहल्ला तथा कॉलोनी में लगातार विद्युत वितरण बंद हो रहा है, मामूली बारिश होने पर अथवा तेज हवा चलने से एक साथ अनेको जगह विद्युत वितरण बंद हो जाता है

अगर वर्तमान में यह स्थित है तो बरसात के मौसम में विद्युत व्यवस्था अत्यंत खराब होने की अधिक संभावना है और वर्तमान में विद्युत वितरण बंद होने के साथ ही उसे ठीक करने में 6 से 8 घंटे लग रहे हैं तथा इस अवधि में शहर के नागरिकों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है घर में बीमार व्यक्ति, बुजुर्गों, बच्चों से लेकर लगभग शहर का हर नागरिक विद्युत कटौती के कारण परेशान हो रहा है, व्यापार-व्यवसाय को लगातार नुकसान हो रहा है, उद्योगों में उत्पादन घट रहा है, घरों में गर्मी का मौसम होने के कारण घरों में सर्वाधिक पानी का उपयोग किया जाता है परंतु विद्युत कटौती के कारण निरंतर जल सप्लाई में भी बाधा आ रही है तथा कानून व्यवस्था को देखे तो चोरी की



संभावना बढ़ रही है। विद्युत वितरण व्यवस्था में शहर की विद्युत वितरण पाइप लाइन जर्जर हो गई है तथा ट्रांसफार्मर खराब हो रहे हैं अतः शहर कांग्रेस इस ज्ञापन के माध्यम से यह मांग करती है की विद्युत वितरण लाइन को तत्काल बदलकर मई विजली लाइन डालकर तथा तकनीकी रूप से खराब होने वाले ट्रांसफार्मर को पूर्णता ठीक करते हुए तथा पूरी तरह खराब ट्रांसफार्मर को बदलकर नए लगाय जावे उसके साथ ही आदेश जारी करते हुए जिस प्रवासी क्षेत्र में विद्युत कटौती 4 घंटे से ज्यादा तक बंद की जा रही है उसे क्षेत्र के रहवासियों के विद्युत बिल में इस माह के विद्युत बिल में 25 प्रतिशत से 50 प्रतिशत की कटौती करें।

ज्ञापन का वचन शहर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष महेंद्र कटारिया ने करते हुए बताया की विद्युत वितरण कंपनी कार्यप्रणाली में सुधार लावे अन्यथा कांग्रेस आंदोलन करेगी जिसकी पूर्ण जिम्मेदारी विद्युत मंडल की रहेगी। इस अवसर पर शहर कमेटी अध्यक्ष महेंद्र कटारिया, नेता प्रतिपक्ष शांतिलाल वर्मा, रजनीकांत व्यास, यासमीन शैरानी, कार्यवाहक अध्यक्ष फैयाज मंसूरी, ब्लॉक अध्यक्ष बसंत पंड्या, वीरेंद्र प्रताप सिंह, सोहेल काजी, सेवादल राजनाथ यादव, युवक कांग्रेस अध्यक्ष सैयद वुसत, सचेतक आशा रावत, महामंत्री राजीव रावत, नीलेश शर्मा, हितेश पेमाल, पार्षद वहीद शैरानी, कविता महावर, कमरुद्दीन कछवाय, राजेश प्रजापत, रमेश शर्मा, इमरान मोयल, नदीम मिर्जा, सुनील महावर, रुखसाना खान, इक्का बेलूद, इकरार चौधरी, पियूष बाफना, शाकिर खान, हिना शेख, प्रदीप राठौर, राधा प्रजापत, जायदा खान, शांतू गवली, अनिल नांदेचा सहित बड़ी संख्या मे कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



## खेलों इंडिया कुश्ती पटना में मध्यप्रदेश के पहलवानों ने 1 रजत 1 कांस्य जीता

इंदौर मध्यप्रदेश कुश्ती संघ के विक्रम अवॉर्डी ओमप्रकाश खत्री ने बताया कि पटना में सम्पन्न हुई खेलो इंडिया कुश्ती प्रतियोगिता में मध्यप्रदेश के पहलवानों ने 2 पदक जीते निश्चित जैसवाल ने रजत जीता व हिमांशु राठौर ने कांस्य जीता इनके साथ प्रभारी के रूप में गोविंद गुजर व कोच विनय कुमार, जगदीश पटेल गए थे खेलों इंडिया कुश्ती में पदक जीतने पर ओलंपियन पप्पु यादव, विक्रम अवॉर्डी ओमप्रकाश खत्री, सुरेश यादव ने बधाई दी साथ ही मध्यप्रदेश कुश्ती संघ के अध्यक्ष मुख्यमंत्री डॉ श्री मोहन यादव व मध्यप्रदेश ओलम्पिक संघ के अध्यक्ष रमेश मेंदोला ने भी पहलवानों को बधाई दी

## शतरंज स्पर्धा 6 चक्रों में खेली गई

**इंदौर!** ऑल इंदौर चेस एसोसिएशन द्वारा अयोजित संजय कासलीवाल मेमोरियल ओपन ईनामी ब्लिट्ज शतरंज स्पर्धा 6 चक्रो मै खेली गई! विजेता खिलाड़ियों को श्री अपूर्व जैन डॉक्टर अनुपमा जैन व श्री विकास जैन द्वारा नगदी राशि ट्रॉफीव मेडल से सम्मानित किया गया इस अवसर पर पीयूष जमींदार शैलेंद्र पाबले अरुण उपाध्याय राजेंद्र चिमनानी व महेश अग्रवाल भी उपस्थित थे !आर्बिटर टीम दीपक जरिया प्रकाश यादव दिनेश गुप्ता व दीप्ति तापड़िया मैडम ने स्पर्धा का सफल संचालन किया! कार्यक्रम का संचालन अनिल फतेहचंदानी व आभार प्रदर्शन प्रियंका अत्रे ने किया ! यह स्पर्धा महावीर बाल संस्कार केन्द्र द्वारा संचालित संजय अजीत कासलीवाल मेमोरियल चेस एकेडमी 52 कंचन बाग पर दो वर्गो अंडर 11 व ओपन कैटेगिरी मै खेली गई!

## पारंपरिक खेलों में दिखा जोश, विजेताओं को मिले पुरस्कार



इंदौर लालबाग परिसर मैदान में आयोजित सांसद खेल प्रतियोगिता का भव्य समापन उत्साह और खेल भावना के साथ संपन्न हुआ। सांसद शंकर लालवानी ने बताया कि प्रतियोगिता में पारंपरिक खेलों पिट्टू, योग, कबड्डी और खो-खो का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में युवाओं, बच्चों और स्थानीय खेल प्रेमियों ने भाग लिया। विजेता टीमों को सांसद शंकर लालवानी, मोयरा सरिया के डायरेक्टर संदीप जैन, योगेश गर्ग, नवीन गौड़ और गुलाब सिंह चौहान ने नगद पुरस्कार, मेडल और ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र भी दिए गए। कार्यक्रम का संचालन ईश्वर सिंह चौहान एवं आभार प्रदर्शन रोहित बाजपई ने किया। प्रतियोगिता के परिणाम इस प्रकार है- योग में प्रसन्न योग प्रथम, श्री वैष्णव एकेडमी द्वितीय, योग स्पोर्ट्स क्लब तृतीय। पिट्टू में इंदौर जिला पिट्टू क्लब प्रथम, पिट्टू क्लब इंदौर द्वितीय, सेक्रेट हार्ड क्लब तृतीय।।कबड्डी में विक्रम स्पोर्ट्स क्लब प्रथम, इंदौर वांडर्स क्लब द्वितीय, लक्की स्पोर्ट्स केयर तृतीय। खो-खो में हैप्पी वांडर्स ए टीम प्रथम, गारमेंट पब्लिक स्कूल द्वितीय, हैप्पी वांडर्स बी टीम तृतीय।

## कुलविंदर सिंह गिल फिबा वर्ल्ड बास्केटबॉल वार्षिक बैठक में भाग लेने हेतु बहरीन रवाना



इंदौर। मध्य प्रदेश बास्केटबॉल संघ के अध्यक्ष एवं बास्केटबॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया के महासचिव कुलविंदर सिंह गिल आज दिनांक को बहरीन के लिए रवाना हुए, जहाँ वे 16 से 18 मई 2025 तक आयोजित होने वाली फिबा वर्ल्ड बास्केटबॉल वार्षिक बैठक में भाग लेंगे। इस वैश्विक बैठक में विश्वभर के सभी देशों के बास्केटबॉल महासंघों के अध्यक्ष एवं महासचिव भाग लेंगे। बैठक का उ?द्देश्य बास्केटबॉल खेल के वैश्विक विकास, नीतियों में सुधार, एवं नए अवसरों की खोज को लेकर विचार-विमर्श करना है। मध्य प्रदेश बास्केटबॉल संघ के महासचिव अविनाश आनंद ने जानकारी देते हुए बताया कि यह प्रदेश और देश के लिए गर्व की बात है कि कुलविंदर सिंह गिल जैसे अनुभवी और समर्पित खेल प्रशासक को इस महत्वपूर्ण बैठक में भारत का प्रतिनिधित्व करने का अवसर प्राप्त हुआ है। उन्होंने कुलविंदर सिंह गिल को शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि, ÷हमें पूर्ण विश्वास है कि वे विशेष रूप से भारत के बास्केटबॉल के हित में महत्वपूर्ण सुझाव और पहलों के साथ इस वैश्विक मंच पर प्रभावी भूमिका निभाएंगे। इस अवसर पर प्रदेश भर के खिलाड़ियों, कोचों, और खेल प्रेमियों ने श्री कुलविंदर सिंह गिल को बधाई दी और उनके सफल यात्रा की कामना की।

## जिला स्तरीय तैराकी प्रतियोगिता का आयोजन

इंदौर जिला तैराकी संघ के सचिव गौरव द्विवेदी ने बताया की द्वारा प्रत्येक वर्ष आयोजित होने वाली जिला स्तरीय तेराकी प्रतियोगिता का आयोजन 24 -25 मई 2025 को स्वर्गीय लक्ष्मण सिंह चौहान तरण पुष्कर महूनाका पर किया जा रहा है । प्रतियोगिता का आयोजन सब जूनियर, जूनियर व सीनियर बालक- बालिका वर्ग में किया जाएगा । प्रतियोगिता में भाग लेने वाले इच्छुक खिलाड़ी /क्लब/ स्कूल अपनी प्रविष्टि 21 मई तक महूनाका तरण पुष्कर पर - सागर तोन्डे ,मनीष इमोलिया, मोहित इमोलिया को दे सकते हे । निर्धारित तिथि के पश्चात प्रविष्टियां स्वीकार नहीं की जाएगी, प्रतियोगिता में चयनित खिलाड़ी खंडवा में होने वाली 53 राज्य स्तरीय तेरकी प्रतियोगिता में इंदौर का प्रतिनिधित्व करेंगे ।

### मोईन अली केकेआर के लिए नहीं खेलेंगे

# गुजरात टाइटन्स को प्ले-ऑफ में बटलर की कमी खलेगी

**नई दिल्ली-इंग्लैंड के टी-20 स्टार खिलाड़ी जोस बटलर गुजरात टाइटन्स के आखिरी तीन लीग मैच खेलने के बाद राष्ट्रीय टीम के लिए रवाना होंगे, क्योंकि आईपीएल प्ले-ऑफ की भिड़ंत 29 मई से वेस्टइंडीज के खिलाफ उनके देश की सफेद गेंद की सीरीज से होगी।**



टाइटन्स 11 मैचों में 16 अंक लेकर लीग चरण के बाद शीर्ष दो टीमों में रहने के लिए तैयार है, जिसमें दिल्ली कैपिटल्स (विदेश में, 18 मई), लखनऊ सुपर जायंट्स (22 मई) और चेन्नई सुपर किंग्स (25 मई) के खिलाफ तीन मैच बाकी हैं। ईएसपीएनक्रिकइन्फो की रिपोर्ट के अनुसार, श्रीलंका के बाएं हाथ के खिलाड़ी कुसल मेंडिस प्ले-ऑफ चरणों के दौरान बटलर की जगह लेंगे। अन्य उल्लेखनीय अंग्रेजी खिलाड़ियों में, कोलकाता नाइट राइडर्स के मोइन अली भी जोफ्रा आर्चर (राजस्थान रॉयल्स), सैम कुरेन और जेमी ओवरटन (दोनों सीएसके) के साथ वापस नहीं आ रहे हैं। केकेआर ने एक बयान में कहा, ÷रोवमैन पॉवेल और मोइन अली को छोड़कर सभी केकेआर खिलाड़ी और सहयोगी स्टाफ बैंगलोर पहुंच चुके हैं। पॉवेल और अली दोनों ही चिकित्सा कारणों से वापस नहीं आ सके। रोवमैन एक प्रक्रिया से गुजर रहे हैं, जबकि मोइन और उनका परिवार वायरल संक्रमण से पीड़ित हैं। हम उनके अच्छे स्वास्थ्य और शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करते हैं।÷ इस बीच, स्टार बल्लेबाज विराट कोहली, जिन्होंने 12 मई को टेस्ट क्रिकेट से संन्यास ले लिया था, गुरुवार को आरसीबी कैंप में शामिल हुए। इंग्लैंड के ऑलराउंडर लियाम लिविंगस्टोन भी ऑस्ट्रेलियाई टिम डेविड के साथ बाकी बचे टूर्नामेंट के लिए आरसीबी से जुड़ रहे हैं।

**एनओसी मुद्दे के कारण मुस्तफिजुर-डीसी सौदा अटका-** बांग्लादेश के बाएं हाथ के तेज गेंदबाज मुस्तफिजुर रहमान का आईपीएल में हिस्सा लेना संदिग्ध है, भले ही दिल्ली कैपिटल्स ने उन्हें जेक फ्रेजर मैकगर्क के प्रतिस्थापन के रूप में अनुबंधित किया हो। बाएं हाथ के इस तेज गेंदबाज को अभी बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड से अनापत्ति प्रमाण पत्र मिलना बाकी है और वह फिलहाल 17 से 30 मई के बीच यूएई और पाकिस्तान के खिलाफ पांच टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेलने के लिए यूएई में हैं। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट के प्रति प्रतिबद्धता पवित्र है और यह दिलचस्प होगा कि बीसीबी मुस्तफिजुर की अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से अनुपस्थिति को मंजूरी देता है या नहीं। अभी कुछ समय है और डीसी को उम्मीद है कि बीसीसीआई की मदद से एक निश्चित समझौता हो सकता है।

## बोलोग्ना ने मिलान को हराकर 51 साल बाद कोपा इटालिया का ताज जीता

**रोम-**बोलोग्ना एफसी ने 1973/74 के बाद पहली बार एसी मिलान पर 1-0 की जीत के साथ कोपा इटालिया फ्रेकियारोसा (इटैलियन कप) ट्रॉफी जीती। 3 मिनट के बाद, मिलान ने पहला मौका बनाया जब लियो ने विंग पर लुकुमी को हराया और एक खतरनाक क्रॉस भेजा, लेकिन जिमेनेज इसे पूरा नहीं कर सके। पांच मिनट बाद, बोलोग्ना ने कास्त्रो के क्लोज-रेंज हेडर से जवाब दिया, लेकिन मेगनन ने शानदार बचाव किया।9वें मिनट में, स्कोर्पस्की ने डबल सेव किया - पहले मिरांडा के डिफ्लेक्शन पर, फिर जोविक के क्लोज-रेंज शॉट को रोक दिया। इन शुरुआती मौकों के बाद, दोनों डिफेंस ने खुद को संभाला और पहला हाफ 0-0 पर समाप्त हुआ। दूसरे हाफ की शुरुआत 7 मिनट के बाद बोलोग्ना के लिए एक त्वरित गोल के साथ हुई। थियो हर्नांडेज़ ने ओरसोलिनी को टैकल किया और गेंद एनडोये के पास पहुंची, जिन्होंने दाएं पैर से शॉट लगाया। मिलान ने तीन प्रतिस्थापनों के साथ जवाब दिया- वॉकर, जोआओ फेलिक्स और गिमेनेज़ को टोमोरी, जिमेनेज़ और जोविक के लिए लाया गया- और गठन में बदलाव किया गया बोलोग्ना ने भी बदलाव किए, फेबियन और ओरसोलिनी के लिए पोबेगा और कैसले को लाया। मिलान ने मौके बनाने के लिए संघर्ष किया, जबकि बोलोग्ना ने कास्त्रो और एनडोये से कुछ लंबे शॉट लेने की कोशिश की।

# इंदौर, रीवा, नर्मदापुरम व जबलपुर सेमीफाइनल में

इंदौर। नर्मदापुरम, जबलपुर, रीवा और इंदौर की टीमों ने महाराजा यशवंतराव अंतर संभागीय क्रिकेट टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया। आज खेले गए लीग मुकाबलों के तहत नर्मदापुरम ने भोपाल को 30 रन से हराया। नर्मदापुरम ने पहले खेलते हुए 265 रन पर आउट हो गई। हिमांशु शिंदे ने 69, गौतम रघुवंशी ने 56, अखिल निगोते ने 54 रन बनाए। आकाशसिंह ने 45 रन देकर चार विकेट लिए। जवाब में भोपाल की टीम 235 पर आउट हो गई। पृथ्वी तोमर ने 66, विकास शर्मा ने 35, आकाशसिंह ने 36 नाबाद रहे। गौतम रघुवंशी ने 3 व रितिक धवन ने दो विकेट लिये। दूसरे मैच में इंदौर ने चम्बल को 5 विकेट से हराया। चम्बल ने 9 विकेट पर 233 रन बनाए। सोनू सिकरवार ने नाबाद 147 , मनल चौहान ने 23 रन बनाए। अन्वेष चावला ने 4 व शुभम केथवास ने 3 विकेट लिये। जवाब में इंदौर ने 22-1 ओवर में 5 विकेट पर 235 रन बना लिये। शुभम शर्मा नाबाद 129, विष्णु भारद्वाज ने 48 रन देकर तीन विकेट लिये। तीसरे मैच मे शहडोल ने 9विकेट पर 270 रन बनाए। अपूर्व द्विवेदी ने 77, करण तिवारी ने 56 रन बनाए। संजोगसिंह व चेतन राय ने 2-2 विकेट लिये। जवाब में सागर 45.2 ओवर में 213 पर आउट हो गई। अर्पित खरे ने 109 रन बनाए। शिवम द्विवेदी व नयनराज ने 3-3 विकेट लिये। चौथे मैच में रीवा ने उज्जैन को 5 विकेट लिये। उज्जैन ने 165 रन बनाए। शांतनु रघुवंशी ने 47, पार्थ साहनी ने 32 रन बनाए। त्रिपुरेश सिंह ने 4 व अनंद दुबे ने 3 विकेट लिये। जवाब में रीवा ने 20.3 ओवर में 5 विकेट पर 170 रन बना लिये। शिवांगकुमार ने 31, आकर्षसिंह ने 27 अनंत शर्मा ने 25 रन बनाए। अर्पित पटेल व पार्थ साहनी ने 2-2 विकेट लिये। पांचवें मैच में जबलपुर ने ग्वालियर को 38 रन से हराया। जबलपुर की टीम 397 पर आउट हो गई। राहुल कोष्टा ने 101, कमल त्रिपाठी ने 113, अंचित ठाकुर ने 78, मंगेश यादव ने 49 रन बनाए। अंकित कुशवाह व हर्षवर्धनसिंह ने 3-3 विकेट लिये। जवाब में ग्वालियर 359 पर आउट हो गई। पार्थ चौधरी ने 89, मुकुल ने 79, विक्रांत भदौरिया ने 65 रन बनाए। मंडल ने 4, मंगेश यादव व कमल त्रिपाठी ने 2 विकेट लिये।

## मध्यप्रदेश ने जीती प्रथम वनडे त्रिकोणीय बधिर श्रृंखला 2025



इंदौर। मध्यांचल क्रिकेट बधिर सोसाइटी द्वारा आयोजित प्रथम वनडे त्रिकोणीय बधिर श्रृंखला का सफल आयोजन 10 एवं 12 मई को शिशुकुंज इंटरनेशनल स्कूल मैदान, सांवेर रोड, इंदौर में संपन्न हुआ। इस प्रतियोगिता में मध्यप्रदेश, तेलंगाना और ओडिशा की टीमें शामिल हुईं। फाइनल मुकाबले में मध्यप्रदेश ने ओडिशा को हराकर विजेता का खिताब अपने नाम किया। इस श्रृंखला में खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन देखने को मिला। मध्यप्रदेश के खेलकरण बरमैया को मैच का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया, वहीं ओडिशा के अमर जेना ने मैन ऑफ द सीरीज , सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज और सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज जैसे तीन प्रमुख खिताब हासिल कर सभी का ध्यान आकर्षित किया। इस आयोजन में सहयोग देने के लिए आयोजकों ने श्री गोलू शुक्ला (विधायक), शिशुकुंज इंटरनेशनल स्कूल, मोइरा सरिया एवं इंदौर इंस्टीट्यूट ऑफ लॉ का हृदय से आभार व्यक्त किया, जिनके सहयोग से यह टूर्नामेंट सफलतापूर्वक संपन्न हो सका। समापन समारोह में सोसाइटी के अध्यक्ष श्री पवन व्यास, उपाध्यक्ष श्री गजेन्द्र मिश्रा, श्री आनंद अगरकर एवं अन्य गणमान्य सदस्य उपस्थित रहे और उन्होंने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया।

# भारत का अभियान समाप्त



**बैंकॉक-** शीर्ष अंतरराष्टीय बैडमिंटन टूर्नामेंटों में भारत का निराशाजनक प्रदर्शन जारी रहा, क्योंकि दुनिया की 10वें नंबर की महिला युगल जोड़ी ट्रीसा जॉली और गायत्री गोपीचंद सहित सभी शेष शटलर जल्दी बाहर हो गए, जिससे गुरुवार को यहां थाईलैंड ओपन सुपर 500 में देश का अभियान समाप्त हो गया। ट्रीसा और गायत्री चोट के बाद मैदान पर लौटीं, लेकिन दूसरे दौर में जापान की रुई हिरोकामी और सयाका होबारा से 20-22, 14-21 से हार गई।लक्ष्य सेन के बुधवार को पुरुष एकल के शुरुआती दौर में बाहर होने के बाद, ट्रीसा और गायत्री अंतिम शीर्ष भारतीय खिलाड़ी थे। युवा भारतीय शटलर भी प्रभाव नहीं छोड़ सकीं, क्योंकि उन्नति हुड्डा, मालविका बंसोड़ और आकर्षि कश्यप गुरुवार को महिला एकल के दूसरे दौर में उच्च रैंकिंग वाली प्रतिद्वंद्वियों के खिलाफ सीधे गेम में हारकर बाहर हो गईं। 2022 ओडिशा मास्टर्स और 2023 अबू धाबी मास्टर्स की चैंपियन सत्रह वर्षीय उन्नति, दुनिया की नंबर 2 और शीर्ष वरीयता प्राप्त पोर्नपावी चोचुवोंग के सामने कोई मुकाबला नहीं कर सकीं, उन्हें केवल 39 मिनट में 14-21, 11-21 से हार का सामना करना पड़ा। दुनिया की 23वें नंबर की खिलाड़ी मालविका, जो 2024 हाइलो ओपन की उपविजेता हैं, को भी पूर्व विश्व चैंपियन और स्थानीय पसंदीदा रत्चानोक इंतानोन के खिलाफ संघर्ष करना पड़ा, उन्हें 475,000 अमेरिकी डॉलर के इस इवेंट में 12-21, 16-21 से हार का सामना करना पड़ा।

### दूसरी राज्य स्तरीय रैंकिंग टेनिस स्पर्धा में रोमांचक मुकाबले जारी

# मयंक, खुशविन, दीप और आकाश अंतिम चार में

**इंदौर। मयंक राजन, खुशविन जाफरी, दीप मुनीम और आकाश नंदवाल ने जोरदार जीत के साथ दूसरी राज्य स्तरीय रैंकिंग टेनिस स्पर्धा के पुरुष एकल वर्ग के सेमीफाइनल में प्रवेश किया।**



मध्य प्रदेश टेनिस संगठन के तत्वावधान में इंदौर रेसीडेंसी क्लब में आयोजित स्पर्धा में प्रदेश के विभिन्न जिलों के खिलाड़ी विभिन्न आयू समूहों में हिस्सा ले रहे हैं। स्पर्धा में गुरुवार को पुरुष एकल क्वार्टर फाइनल में मयंक राजन ने थोड़े से संघर्ष के बाद विशाल चौधरी को 6-4, 6-3 से पराजित कर अंतिम चार में अपनी जगह सबसे पहले पक्की की। वहीं खुशविन जाफरी ने आसान मुकाबले में आरुष जैन को 6-2, 6-3 के अंतर से हराते हुए सेमीफाइनल में प्रवेश किया। अंतराष्ट्रीय खिलाड़ी दीप मुनीम को अंतिम चार में पहुंचने के लिए पसीना बहाना पड़ा। उनकी टक्कर अमन भावसार से थी। कड़े संघर्ष के बाद दीप ने अमन को 7-6(5), 6-4 से शिकस्त दी। आकाश नंदवाल ने सीधे सेटों में मोहम्मद आसिम को 6-1, 6-0 से पराजित कर खिताब की ओर अपने कदम बढ़ाए। पुरुष युगल वर्ग में मनीष शिरलकर और शेखर तिवारी की जोड़ी ने रोहन नागर और मनन राजन की जोड़ी को कड़े संघर्ष के बाद 6-3, 3-6, 10-4 से पराजित किया। एक अन्य युगल मैच में पराक्रम बाकीवाला और अर्णव जैन की जोड़ी ने रोहित और साहिल की जोड़ी को आसानी से 6-0, 6-0 से हराते हुए अपने कदम आगे बढ़ाए। ालक अंडर-12 आयु वर्ग के अंतिम आठ के मुकाबले में ऋग्वेद ने उत्परिवर्ती जैन को 6-3, 6-4 से पराजित किया। वियान अग्रवाल ने अयांश सोनी को बिना किसी मुश्किल के 6-1, 6-2 से शिकस्त दी। अद्विथ ने शिवांश पांडे को 6-1, 4-6, 10-7 से हराया। वहीं गर्व मालपानी ने सारस पांडे को बेहद आसानी के साथ 6-0, 6-0 से शिकस्त दी। इसी आयु के बालिका एकल वर्ग में दिवेना धूपर ने बेहद आसानी के साथ एदिवा धाकड़ को 6-0, 6-0 से पराजित किया। एक अन्य मैच में अंतराष्ट्रीय खिलाड़ी आन्या राठी ने ऐशवी जैन को आसानी के साथ 6-0, 6-0 से शिकस्त दी। बालिकाओं के अंडर-14 आयु वर्ग के क्वार्टर फाइनल में काशवी ठुकराल ने आन्या फूलजले को 6-1, 6-4 से शिकस्त दी। आन्या राठी ने शशि अरोड़ा को 6-0, 6-3 से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। वैदेही शिंदे ने आध्या जैन को 6-1, 6-1 से पराजित किया।

## विधायक ट्रॉफी रात्रिकालीन टेनिस बाल टूर्नामेंट - 5 रोमांचक मैच देखते दर्शकों ने जीते आकर्षक पुरस्कार



इन्दौर (ई)। तीन इमली बस स्टैंड के पीछे स्थित खेल मैदान पर चल रहे विधायक गोलू शुक्ला द्वारा आयोजित विधायक ट्रॉफी रात्रिकालीन टेनिस बाल टूर्नामेंट में कल तीसरे दिन दूधिया रोशनी में सैकड़ों दर्शकों की मौजूदगी में पांच रोमांचक मैच खेले गए। आयोजन समिति के दीपक वर्मा, विनोद खंडेलवाल, आवेश राठौर ने बताया कि टूर्नामेंट के तीसरे दिन में जो 5 मैच हुए जो कि 6-6 ओवर के थे। इसे देखने के लिए सैकड़ों दर्शक मौजूद थे। इस दौरान दर्शकों से क्रिकेट संबंधित सवालों के जवाब पूछ उन्हें आकर्षक पुरस्कार भी दिए गए। कार्यक्रम में एमआईसी सदस्य मनीष शर्मा मामा, भाजपा अजा मोर्चा के पूर्व अध्यक्ष राजेश शिरोडकर, नवीन खंडेलवाल भी पहुंचे और उन्होंने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया।

## WTC विजेताओं को 3.6 मिलियन अमेरिकी डॉलर पुरस्कार राशि

**दुबई-**2025 विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के विजेताओं को 3.6 मिलियन अमेरिकी डॉलर की अधिक धनराशि मिलेगी, जो पिछले संस्करण में दी गई राशि से दोगुनी से भी अधिक है। ऑस्ट्रेलिया को 2023 में भारत के खिलाफ फाइनल जीतने के लिए 1.6 मिलियन अमेरिकी डॉलर मिले थे। 2025 का फाइनल 11 जून से लॉर्ड्स में ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका के बीच खेला जाएगा। हारने वाले फाइनलिस्ट को 2.1 मिलियन अमेरिकी डॉलर मिलेंगे, जबकि पिछले दो संस्करणों के उपविजेता को 800,000 अमेरिकी डॉलर मिले थे। आईसीसी ने गुरुवार को एक बयान में कहा, ÷पुरस्कार राशि में वृद्धि टेस्ट क्रिकेट को प्राथमिकता देने के आईसीसी के प्रयासों को दर्शाती है क्योंकि यह नौ टीमों की प्रतियोगिता के पहले तीन चक्रों की गति को आगे बढ़ाना चाहता है।÷ डब्ल्यूटीसी चक्र में दक्षिण अफ्रीका ने श्रीलंका और पाकिस्तान पर 2-0 की घरेलू श्रृंखला जीत के साथ उच्च स्तर पर समापन किया, जो 69.44 प्रतिशत अंकों के साथ समाप्त हुआ। गत विजेता ऑस्ट्रेलिया ने 67.54 अंक प्राप्त किए, जबकि भारत ने अधिकांश समय तालिका में शीर्ष स्थान प्राप्त करते हुए 50.00 अंक प्राप्त किए। ऑस्ट्रेलियाई कप्तान पैट कमिंस ने कहा, ÷हमें विश्व टेस्ट चैंपियनशिप का बचाव करने का अवसर पाकर बहुत गर्व है, खासकर लॉर्ड्स में। यह पिछले दो वर्षों में शामिल सभी लोगों का प्रमाण है, जिन्होंने फाइनल तक पहुंचने के लिए अविश्वसनीय रूप से कड़ी मेहनत की है, जो हम सभी के लिए बहुत सम्मान की बात है।÷ दक्षिण अफ्रीकी कप्तान टेम्बा बावुमा ने कहा÷ ÷हर कोई टेस्ट क्रिकेट के महत्व को समझता है और विश्व टेस्ट चैंपियनशिप खेल के इस महत्वपूर्ण प्रारूप को संदर्भ प्रदान करती है। लॉर्ड्स इस मेगा फ़िक्सचर के लिए एक उपयुक्त स्थान है और हम सभी ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ़ अपना सर्वश्रेष्ठ देने की कोशिश करेंगे।



## भगवती प्रीमियर लीग, बीपीएल, का भव्य शुभारंभ

इन्दौर (ई) चाणक्य पुरी चौराहा पर निर्मित विंग्स टर्फ पर आयोजित तीन दिवसीय टर्फ क्रिकेट टूर्नामेंट भागवत प्रीमियर लीग (बीपीएल) का शुभारंभ हुआ। पालीवाल ब्राह्मण समाज 44 श्रेणी के युवाओं के समूह भागवत सेवा समिति द्वारा आयोजित इस टूर्नामेंट में समाज की 16 टीमें हिस्सा ले रही है, प्रतिदिन शाम 7 से रात्रि 12 बजे तक मैच आयोजित किए जा रहे हैं। समिति के कपिल पुरोहित, जयेश व्यास, भास्कर जोशी ने बताया कि समाज के युवाओं के एकत्रीकरण और स्वास्थ के प्रति जागरूकता लाने के उद्देश्य से ये स्पर्धा कराई जा रही है। प्रथम दिन मुख्य अतिथि के रूप में पत्रकार सुदेश तिवारी, समाज के अध्यक्ष भूरालाल व्यास, लक्ष्मीनारायण व्यास समिति अध्यक्ष संतोष बागौरा, प्रभारी कमलेश जोशी विशेष रूप से उपस्थित थे।

# इंदौर की लावण्या यादव नौवीं एशियन चैंपियनशिप के लिए चयनित



इंदौर। अम्मान जॉर्डन देश में दिनांक 21 से 26 मई 2025 तक आयोजन होने वाली नौवीं एशियन जू जित्सू चैंपियनशिप 2025 के लिए भारत देश के 31 खिलाड़ियों का चयन किया गया। उक्त जानकारी देते हुए जू जित्सू एसोसियेशन ऑफ मध्य प्रदेश इंदौर डिस्ट्रिक्ट के अध्यक्ष अशोक सेन व सचिव मोनालिसा यादव ने बताया कि दिनांक 27 अप्रैल 2025 को जू जित्सू एसोसियेशन ऑफ इंडिया की ओर से गोलपार हल्द्वानी के इंदौरा गांधी अंतराष्ट्रीय स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में नेशनल ओपन सिलेक्शन ट्रायल लिया गया जिसमें भारत देश के 55 खिलाड़ियों ने अंडर 21 व एडल्ट आयुवर्ग के विभिन्न भारवर्गो के इवेंट नवाजा,फाइटिंग,कॉन्टैक्ट डूओ शो में शानदार प्रदर्शन कर अपनी प्रतिभा का दमखम दिखाया और आगे अशोक जी ने बताया कि ओलंपिक कॉन्सिल ऑफ एशिया ( ओ सी ए) द्वारा अधिकृत जू जित्सू एशियन यूनियन ( जे जे एयू) के नेतृत्व में दिनांक 21 से 26 मई 2025 तक अम्मान जॉर्डन में आयोजित हो रही नौवीं एशियन जू जित्सू चैंपियंशीप में 32 देशों के लगभग 800 से अधिक खिलाड़ी प्रतिभाग कर रही है जिसमें पदक विजेता एवं सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग खिलाड़ी को आगामी 20 वे एशियन गेम्स नागोया आईची जापान में प्रतिभाग करने हेतु अवसर मिलेगा। सचिव मोनालिसा यादव ने बताया कि उक्त ट्रायल में मध्यप्रदेश इंदौर डिस्ट्रिक्ट की एक खिलाड़ी कुमारी लावण्या यादव 52 किलोग्राम वजन समूह 21आयु वर्ग में नवाजा एवं फाइटिंग सिस्टम इवेंट में भारतीय जू जित्सू टीम में अपनी जगह पक्की की जिसमें वह भारत देश का प्रतिनिधित्व करेगी। खिलाड़ी की इस उपलब्धि पर मध्यप्रदेश इंदौर डिस्ट्रिक्ट जू जित्सू एसोसियेशन के मुख्य संरक्षक ओमी खंडेलवाल व सभी पदाधिकारियों ने बधाई दी ।

## इंदौर ताइक्वांडो स्पर्धा 18 मई से

इंदौर। ताइक्वांडो ट्रेनिंग सेंटर एवं व्हिज़ी विंग्स के संयुक्त तत्वाधान मध्य प्रदेश के सबसे बड़े मॉल फोएनक्स सिताडल मॉल इंदौर मे दिनांक 18 मई रविवार को आयोजित किया जा रहा है

## झेंग किनवेन ने सबालेंका को हराया

रोम- झेंग किनवेन ने शीर्ष रैंकिंग वाली आर्यना सबालेंका पर 6-4, 6-3 से अपनी पहली जीत हासिल की और कोको गॉफ के खिलाफ इटालियन ओपन के सेमीफाइनल में जगह बनाई। चीन की ओलंपिक चैंपियन 22 वर्षीय झेंग ने सबालेंका के खिलाफ पिछले सभी छह मैच गंवाए थे। आठवें स्थान पर काबिज झेंग ने अपने सामने आए सभी पांच ब्रेक प्वाइंट बचाए और सबालेंका की सर्विस तीन बार तोड़कर अंतिम चार में जगह बनाई।

## लिपटे हुए दो सांप प्रेम नहीं, बल्कि करते है 'टेरिटोरियल फाइट'



इंदौर। क्या आप जानते है कि जंगलों में रहने वाले सांप भी ज़मीन और वर्चस्व को लेकर जबरदस्त लड़ाई करते हैं। आमतौर पर जब दो सांप आपस में लिपटे नजर आते हैं तो लोग इसे प्रेम क्रिया समझ लेते हैं, जबकि हकीकत इससे ठीक उलट होती है।

यह दृश्य वास्तव में दो नर सांपों के बीच 'टेरिटोरियल फाइट' यानी इलाका बचाने या कब्जाने की लड़ाई होती है। प्रजनन काल के दौरान मादा सांपों की संख्या कम होने पर यह लड़ाइयां और ज्यादा देखने को मिलती हैं। नर सांप एक तय इलाके पर कब्जा जमाना चाहता है ताकि मादा उसी क्षेत्र में आए। ऐसे में जब कोई दूसरा नर सांप उस इलाके में घुसता है, तो दोनों के बीच शक्ति प्रदर्शन शुरू हो जाता है। सांप विशेषज्ञों के अनुसार, इस लड़ाई में दोनों सांप अपने शरीर के ऊपरी हिस्से से एक-दूसरे पर दबाव बनाने की कोशिश करते हैं।

यह लड़ाई तब तक चलती है जब तक कोई एक हार मानकर पीछे न हट जाए। जो हार जाता है, उसे वह इलाका छोड़ना पड़ता है और जीतने वाला सांप इलाके पर हक जमा लेता है। भारत में पाई जाने वाली 'इंडियन रैट स्नैक' नामक प्रजाति के सांप अक्सर ऐसी लड़ाइयों में देखे जाते हैं।

ये सांप 7 से 8 फीट तक लंबे होते हैं, इसलिए इनकी टकराहट इंसानों की नजर में भी आसानी से आ जाती है। यह लड़ाई आमतौर पर पेड़ों, चट्टानों या खुले मैदानों में होती है और इसका मकसद सिर्फ वर्चस्व स्थापित करना होता है।

सांपों की यह व्यवहारिक प्रवृत्ति इस बात का प्रमाण है कि प्रकृति में हर जीव अपने अस्तित्व, अधिकार और संतति के लिए संघर्ष करता है। इंसानों की तरह जानवरों में भी क्षेत्र, साथी और शक्ति के लिए प्रतिस्पर्धा होती है।

## गोयल कार्यकारी अध्यक्ष, कचोलिया वरिष्ठ उपाध्यक्ष एवं मित्तल सचिव चुने गए



इंदौर। श्री भारतीय संस्कृति शिक्षा संस्थान ट्रस्ट विश्वनाथ धाम के सत्र 2025-2027 के चुनाव सम्पन्न हुए चुनाव अधिकारी रतनराज जैन सी ए ने निम्न पदाधिकारी एवं कार्यकारिणी समिति सदस्यों को निर्विरोध निर्वाचित घोषित किये।

.प्रमुख संरक्षक एवं अध्यक्ष परम पूज्य स्वामी श्री भवानी नंदन यति जी महाराज संरक्षक सुधीर अग्रवाल भास्कर समूह, कार्यकारी अध्यक्ष सुभाष गोयल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष मुकेश कचोलिया, सचिव पंकज सुरेश मित्तल, कोषाध्यक्ष धीरेन पटेल, सहसचिव रमाकांत अग्रवाल।

कार्यसमिति सदस्य- टीकमचंद गर्ग, गणेश गोयल, गोविंद माहेश्वरी, राजकुमार साबू, विनोद सिंघानिया, महेश मंगल, गोपाल न्याति, योगेश अग्रवाल, महेंद्र अग्रवाल, अश्विनी अग्रवाल, पवन जायसवाल, राजेश शारडा, पंकज अग्रवाल, हेमंत गोयल, आकाश गुप्ता चुने गए।

## केवट जयंती मनाई गई



इंदौर। निषाद वंशीय आदिवासी भोई कहार मांझी समाज द्वारा अहिल्या पल्टन इंदौर मज़प्र पर केवट जयंती मनाई गई, मुख्य अतिथि देवी अहिल्या मण्डल उपाध्यक्ष चंद्र प्रकाश तिवारी रहे।

केवट जयंती पर केवट की महाआरती प्रसाद वितरण में मुख्य अतिथि देवी अहिल्या मंडल उपाध्यक्ष भैया चंद्रप्रकाश तिवारी का माझी समाज द्वारा स्वागत किया गया। महाआरती आयोजन कर्ता माझी समाज इंदौर मज़प्र अध्यक्ष गणेश प्रसाद रायकवार, उमाशंकर रायकवार आनंद रायकवार, सुभाष रायकवार, समाज सेवी सेलु रायकवार, विनोद डारिया, मनोज गौड़ सुनील वर्मा विजय रायकवार संजय गड़कर अन्नू डारिया रहे।

# अंगदानी जमुना के पति जीवन लाल ने किया किसी को नवजीवन देने का साहसिक निर्णय

## उनकी हुई हृदय स्पर्शी अंतिम भावभीनी विदाई

इंदौर। जवाहर डोसी पीयूष। अंगदानी स्वर्गीय श्रीमती जमुना पति जीवनलाल मेंघवानी को भोपाल के बंसल हॉस्पिटल के स्टाफ, नागरिकों एवं प्रशासन द्वारा सम्मानपूर्वक भाव भरी विदाई दी गई।बड़ा ही अजब-गजब उदाहरण है कि जमुना जी के पति जीवन लाल जी ने जीवन की सहगामिनी के अंतिम समय में भी कई लोगों को यथा नाम तथा कर्म की उक्ति अनुसार कइयों को जीवन दान देने का साहसिक निर्णय लिया।





पूरे भारत भर में इस तरह का प्रोटोकॉल बनना चाहिए जो दिवंगत के प्रति सम्मान और आम नागरिकों के प्रेरणा का माध्यम बने।

उल्लेखनीय है कि दिवंगत की एक किडनी बंसल हॉस्पिटल भोपाल में उपचार रत रोगी को, दूसरी किडनी इंदौर राष्ट्रीय अपोलो हॉस्पिटल के उपचार रत रोगी को आंखों का दान हमीदिया हॉस्पिटल की आई बैंक को एवं त्वचा का दान भी भोपाल में किया गया।

दिवंगत को प्रभु अपने श्री चरणों में स्थान दें और मेंघवानी परिवार को दुःखों से कोसों दूर रखें जिस परिवार में दुःख की घड़ी में दूसरों की खुशियों के लिए अंगदान का परोपकारी निर्णय लिया।

### बैंड-बाजे पर बजता रहा ए मेरे वतन के लोगों

अस्पताल का पूरा फर्श पुष्प की विभिन्न आकार प्रकार से सजाया गया था जिस पर से पार्थिव देह को ले जाया जा रहा था और दोनों और खड़े अस्पताल के सहयोगी परिवार और परिवारजनों ने पुष्प उछालकर अपनी गहनतम भावना का एहसास कराया।

अंगदानी एवं अंगदानी परिवार की निष्काम भावना की कद्र और सम्मान की भावना को नतमस्तक होकर करतल ध्वनि से प्रदर्शित करते हुए अंतिम विदाई के समय बैंड बाजे वाले भी गीत बजा रहे थे- ऐ मेरे वतन के लोगों,जरा आंख में भर लो पानी।जो शहीद हुए हैं उनकी जरा याद करो कुर्बानी।

वास्तव में क्या गजब जज्बा रहा देखने वालों और उपस्थित जनों का जिन्होंने विषम/विकट परिस्थितियों में भी परोपकार की भावना मन में रखने वाले मेघवानी परिवार के इस उत्कृष्ट कार्य के प्रति अपनी गहरी आस्था प्रदर्शित करते हुए बड़े भारी मन से जमुना जी को अंतिम विदाई दी।यहां तक कि एंबुलेंस की गाड़ी भी फूल-हारों से सुसज्जित की हुई थी।

### मध्यप्रदेश शासन गार्ड ऑफ ऑनर की त्वरित व्यवस्था के आदेश शीघ्र जारी करे

कई बार ऐसी घोषणाएं हुई हैं कि अंगदान को सम्मान देने के लिए अंगदानी को गार्ड ऑफ ऑनर से सम्मानित करेंगे।कई बार इस तरह के समाचार समाचार पत्रों में प्रकाशित हो चुके हैं किंतु उनका क्रियान्वयन समुचित आदेश जारी न होने के कारण परिपालन में नहीं आ सका है। प्रशासन को इस बात की गंभीरता को दृष्टिगत रखते हुए अन्यों के लिए प्रेरणादायी इस कदम को त्वरित रूप से उठाना चाहिए।

## सोलर पंप के लिए किसानों को मिलेगी जबरदस्त सब्सिडी

### स्थाई बिजली कनेक्शन नहीं होने वाले किसानों को मिलेगा लाभ

इंदौर। मध्य प्रदेश के किसानों को भी अब केन्द्र सरकार द्वारा शुरू की गई प्रधानमंत्री कृषक मित्र सूर्य योजना का लाभ मिल सकेगा। राज्य सरकार ने सिंचाई के लिए सोलर पंप लगाने की इस योजना में संशोधन कर इसे राज्य में लागू कर दिया है। इस योजना के तहत सभी किसानों को सोलर पंप लगाने का मौका फिलहाल नहीं मिल सकेगा।

राज्य सरकार ने इसमें संशोधन किया है। इसके तहत योजना के पहले चरण में चुनिंदा किसानों को ही इस योजना का लाभ मिल सकेगा। अभी सिर्फ उन्हीं किसानों के खेतों पर सोलर पंप लगाए जाएंगे, जिन खेतों पर बिजली का स्थाई कनेक्शन मौजूद नहीं है। इस योजना का लाभ लेने के लिए किसानों को अपनी जेब से कितनी राशि खर्च करनी होगी यह भी साफ कर दिया है।

राज्य सरकार ने योजना में संशोधन कर इसे लागू करने अधिसूचना जारी कर दी है। इसमें प्रावधान किया गया है कि योजना के लिए वह किसान पात्र होंगे, जिनकी भूमि पर अभी स्थाई बिजली कनेक्शन नहीं है। सोलर पंप लगाए जाने के पहले कृषि भूमि पर टैगिंग किया जाएगा, ताकि किसान को सोलर पंप और बिजली कनेक्शन दोनों के अनुदान का लाभ न मिल सके।

इस योजना के दूसरे चरण में उन सभी किसानों के खेतों पर सोलर पंप लगाने के लिए अनुदान का लाभ दिया जाएगा, जिसके खेतों पर स्थाई बिजली कनेक्शन मौजूद है।

### विभाग बनाएगा किसानों का डाटा बेस

नवीन एवं नवकरणीय विभाग बिजली कंपनियों की मदद से प्रदेश के किसानों का डाटाबेस तैयार करेगी। इसमें किसानों द्वारा लिए गए अस्थायी और स्थायी बिजली कनेक्शन उससे लिंक किए गए किसानों के समग्र, आधार का डाटा प्राप्त करेगी और उसे मध्य प्रदेश भू लेख की मदद से खसरा नंबर से लिंक किया जाएगा।

इसके आधार पर ही किसानों को सोलर पंप के लिए ऋण और अनुदान दिया जाएगा।

सोलर पंप लेने वाले किसानों से हितग्राही अंश की राशि पोर्टल के जरिए ही जमा कराई जाएगी। इससे किसानों का डाटा वैरीफाई किया जाएगा।

### स्प्रिंकलर सिस्टम भी जोड़ा जाएगा

राज्य सरकार ने तय किया है कि सोलर पंप की इस योजना के साथ किसानों को ड्रिप और स्प्रिंकलर सिस्टम के लिए भी प्रोत्साहित किया जाएगा।

इसमें भी किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग, उद्यानिकी विभाग द्वारा अनुदान दिया जाता है। इससे किसानों को पानी की बचत होगी। इस योजना का लाभ लेने के लिए किसानों को मध्य प्रदेश ऊर्जा विकास निगम के वेब पोर्टल पर सोलर पंप के लिए आवेदन करना होगा।

## न्यायमूर्ति गवई को भारतीय न्याय संहिता की पीतल प्रति करेंगे भेंट



इन्दौर। न्यायमूर्ति भूषण रामकृष्ण गवई को भारत के 52 वें मुख्य न्यायाधीश मनोनीत होने पर सम्मान स्वरूप अधिवक्ता लोकेश मंगल द्वारा उन्हें बीएनएस, बीएनएसएस, बीएस की संयुक्त पीतल निर्मित प्रतिलिपि भेंट की जाएगी।

अधिवक्ता मंगल के अनुसार यह भारतीयों द्वारा अपने मुख्य न्यायाधीश के लिए तैयार किया गया एक जीवंत दस्तावेज है। इसे देशभर के 800 वकीलों के आर्थिक सहयोग से तैयार किया गया है। इस प्रतिलिपि में 70 पृष्ठ हैं तथा इसका कुल वजन 730 ग्राम है।

## मंत्री विजय शाह से इस्तीफा लिया जाए महामहिम राज्यपाल के नाम दिया ज्ञापन




इंदौर। आतंकवादियों के खिलाफ ऑपरेशन सिंदूर की नायिका कर्नल सोफिया कुरैशी के लिए मंत्री विजय शाह ने देश प्रेम एवं राष्ट्रभक्ति के नायकों के लिए जिन शब्दों का इस्तेमाल किया और कहा के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मुसलमान आतंकवादियों के खिलाफ लड़ने के लिए मुस्लिम बहन सोफिया कुरैशी को जंग में भेजाऔर हम स्वतंत्रता सेनानी परिवार की वंशज के खिलाफ हिंदू मुस्लिम की एकता को हानि पहुंचाने की जो नाकामयाब कोशिश की है उसके खिलाफ स्वतंत्रता सेनानी एवं शहीदों के वंशजों ने संभाग आयुक्त इंदौर को महामहिम राज्यपाल के नाम ज्ञापन दिया।

ज्ञापन में कहा गया के तत्काल विजय शाह से इस्तीफा लिया जाए और हिंदुस्तान की महिलाओं के सिंदूर के लिए जो अपमानजनक शब्द कहे हैं विजय शाह के इस्तीफा के बाद महिलाओं का सम्मान होगा तभी राष्ट्र का सम्मान होगा ऐसे मदमस्त मंत्री की हम घोर निंदा करते हैं अयोग्य मंत्री को तत्काल मंत्रिमंडल से बाहर किया जाए प्रेस क्लब से सभी उत्तराधिकारी वंशज संभाग आयुक्त कार्यालय रैली के रूप में गए संभाग आयुक्त को ज्ञापन दिया।


ज्ञापन का वाचन प्रदेश अध्यक्ष अजय नारायण सीतलानी ने किया रैली का संचालन मोहन सिंह चौहान ने किया ज्ञापन देने वालों में पूर्व मंत्री दिलीप राजपाल पूर्व पार्षद सरवर खान जानकी लाल पटेरिया प्रकाश जैन सुखदेव खड़बड़ीकर राकेश शास्त्री एड शेर गंभीर विजय पुणेकर दिनेश दुबे नियामतउल्लाह खान दिलीप जैन किशन भालसे और भी कई गणमान्य नागरिक मौजूद थे।

# कहां गायब हो गया 60 हजार मीट्रिक टन गेहूं

## खरीदी के बाद गोदामों तक नहीं पहुंचा करोड़ों का गेहूं

इंदौर। मप्र की सरकार किसानों का कितना ख्याल रखती है इसका उदाहरण गेहू खरीदी के मामले में सामने आया है। क्योंकि प्रदेश के किसानों ने न केवल सरकारी समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी में उत्साह दिखाया वहीं इस बार 77 लाख मीट्रिक टन से अधिक गेहूं सरकार को बेच दिया है। लेकिन विडंबना यह है कि किसानों से खरीदा हुआ 60 हजार मीट्रिक टन गेहूं गायब हो गया है। खरीदी बंद होने के बाद भी यह गेहूं गोदामों में नहीं पहुंचा है।

इस साल गेहूं की सरकारी खरीद के लक्ष्य को पूरा करने के लिए सरकार द्वारा गेहूं के समर्थन मूल्य पर 175 रुपए प्रति क्विंटल की दर से बोनस राशि देने का निर्णय लिया गया था। जिसके चलते इस साल किसानों ने बढ़ चढ़कर गेहूं खरीद में हिस्सा लिया। पिछले साल जहां मप्र में किसानों से मात्र 48 लाख 38 हजार मीट्रिक टन गेहूं खरीद की गई थी वहीं इस साल किसानों ने सरकार को 77 लाख 74 हजार मीट्रिक टन गेहूं बेचा है। लेकिन जब गोदामों में जमा गेहूं का हिसाब लगाया गया तो करोड़ों रूपए के गेहूं गायब मिले हैं।



### 22 जिलों में गड़बड़ी

गौरतलब है कि गड़बड़ी रोकने लाख कोशिशों के बावजूद समर्थन मूल्य गेहूं खरीदी में बड़ा गोलमाल सामने आया है। रायसेन, नर्मदापुरम व उज्जैन समेत 22 जिलों में खरीदा गया 156 करोड़ कीमत का लाख क्विंटल (60 हजार मीट्रिक टन गेहूं का हिसाब नहीं मिल रहा है। उक्त गेहूं की खरीदी 15 मार्च से 5 मई के बीच हुई थी, जो गोदामों में नहीं पहुंचाया गया तो खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग के अफसरों ने खोजबीन शुरू की। जब पता नहीं चला तो आयुक्त खाद्य ने 22 जिलों के कलेक्टरों को फटकार लगाते हुए आज शाम तक गेहूं गोदामों में जमा कराने को कहा है। जब तक गेहूं गोदामों में जमा का स्वीकृति पत्रक जारी नहीं हो जाता तब तक उक्त गेहूं बेचने वाले किसानों को भुगतान नहीं होगा। प्रत्येक जिलों में जिला विपणन समितियां होती हैं, जिनके अध्यक्ष कलेक्टर होते हैं।

खरीदी से जुड़ी पूरी जिम्मेदारी कलेक्टरों की होती है इसलिए खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग के आयुक्त कर्मवीर शर्मा ने कलेक्टरों को गेहूं जमा कराने के लिए निर्देश दिए हैं।

### घटिया गेहूं की खरीदी से गड़बड़ाया गणित

जानकारों का कहना है कि खरीदी का स्टैंडर्ड तय है, लेकिन कुछ जिलों के खरीदी केंद्रों में अफसरों द्वारा सरकार से मिलने वाले कमीशन की अधिक राशि पाने के लिए घटिया गेहूं भी खरीदा गया। चूंकि खरीदा गया गेहूं वेयर हाउसिंग लॉजिस्टिक कॉपरिशन व अनुबंधित गोदामों में जाम करना होता है। सूत्रों के मुताबिक अब उक्त गेहूं गोदाम वाले जमा करने से मना कर रहे हैं, क्योंकि एक बार गेहूं गोदामों में जाम हो जाए तो पूरी जिम्मेदारी वेयर हाउसिंग लॉजिस्टिक कॉर्पोरेशन की होती है।

### पूर्व में लग चुका है हजारों करोड़ का चूना

गौरतलब है कि पूर्व के वर्षों में कई अफसर घटिया गेहूं खरीदकर सरकारों को नुकसान पहुंचा चुके हैं तो वेयर हाउसिंग कॉरिशन को भी हजारों करोड़ का चूना लग चुका है। सवाल यह भी उठता रहा है कि कई बार केंद्रों पर खरीदे जाने वाले गेहूं की गुणवत्ता अच्छी होती है, लेकिन उसमें कमियां बताकर गोदाम वाले जमा करने से आनाकानी करते हैं। इसी में गेहूं गीला हो जाता है।

गेहूं की सरकारी खरीदी में परिवहन का काम करने वाली एजेंसियां भी कई बार देरी कर देती हैं। ये जिसका खामियाजा सरकार और किसानों को भुगताना पड़ता है। कई बार किसानों के नाम पर व्यापारियों से घटिया गेहूं खरीद लिया जाता है, जिसे बाद में औने-पौने दामों में शराब कंपनियों को बेचा जाता है। यह कई स्तर पर ढिलाई के कारण होता है। जिसके बाद गड़बड़ी की आशंका बढ़ जाती है।

### गेहूं की सुरक्षा में हो रहा है लाखों खर्च

गेहूं की सुरक्षा और रखरखाव पर समितियों को लाखों रुपए खर्च करना पड़ रहा है। ज्यादातर समितियों और खरीदी केंद्रों के पास बाउंड्रीवॉल नहीं है।

इसके चलते समितियों को मवेशियों और चोरों से गेहूं को बचाने के लिए सुरक्षाकर्मियों को तैनात करना पड़ता है। इसके अलावा बारिश होने पर उसे भींगने से बचाने के लिए पन्नी और टेंट लगाना पड़ता है और बारिश के बाद उसमें हवा लगाने के लिए उसे हटाना पड़ता है। बारिश के दौरान जो अपना भींग जाता है उसे मजदूर लगाकर धूप में सुखाने की व्यवस्था कराना पड़ता है।

प्रकाशक, मुद्रक, स्वत्वाधारी एवं संपादक सुनील वर्मा के लिए 1/4, परदेशीपुरा इन्दौर से प्रकाशित एवं दैनिक भास्कर प्रेस 4/54 प्रेस कॉम्प्लेस एबी रोड इंदौर मध्यप्रदेश इन्दौर से मुद्रित.
कार्पोरेट कार्यालय : 301, अरु प्लाजा एमजी रोड इन्दौर (म.प्र.) सभी विवादों का न्याय क्षेत्र इन्दौर रहेगा। * मो.: 9425491979, 7000877686, E-mail: janbhavana.ind@gmail.com